

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शनिवार, 07 जनवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 18 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड— SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड—133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त





## राम मंदिर का निर्माण पूरा होने की तारीख की घोषणा साधु—संतों को करनी चाहिए, अमित शाह को नहीं: खरगे

पानीपत। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का काम अगले साल एक जनवरी तक पूरा होने की गृह मंत्री अमित शाह की घोषणा को लेकर उन पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को सवाल किया कि क्या शाह राम मंदिर के पुजारी हैं जो वह ऐसी घोषणा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी घोषणा साधु—संतों को करनी चाहिए और गृह मंत्री के तौर पर शाह का जो कर्तव्य है उन्हें उस पर ध्यान देना चाहिए। खरगे कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' के तहत आयोजित यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा लालच देकर और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके चुनी हुई सरकारों को अस्थिर किया जा रहा है। उन्होंने यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा, ''राहुल गांधी का धैर्य और साहस देखकर सबको अचंभा हुआ है। हम तो राहुल गांधी को दिल्ली में देखते थे...ये राहुल अलग निकले। उन्होंने कन्याकुमारी से पदयात्रा शुरू की और हर मौसम का सामना करके चलते रहे। मैं इसके लिए उन्हें बधाई देता हूं।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''राहुल गांधी जी की लड़ाई महंगाई के खिलाफ, बेरोजगारी के खिलाफ है। वह युवाओं के लिए रास्ते पर आकर लड़ रहे हैं।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''मोदी जी जबसे प्रधानमंत्री बने हैं, अमित शाह जबसे गृह मंत्री बने हैं तबसे सिर्फ चुनाव के चक्कर में पड़े रहते हैं...वे दूसरे राजनीतिक दलों में तोड़फोड़ करते हैं। ईडी और दूसरी एजेंसियिों का दुरुपयोग करते हैं।'' खरगे ने दावा किया, ''भाजपा ने



कुछ राज्यों में कांग्रेस के लोगों को पैसे का लाचल देकर या फिर ईडी का डर दिखाकर अपने साथ लिया और सरकारें गिराई।'' उन्होंने कटाक्ष किया, ''ये लोग चुनी हुई सरकारें गिराते हैं और फिर कहते हैं किये लोग लोकतंत्र में विश्वास करते हैं।'' खरगे ने कहा, ''शायद ही कोई प्रधानमंत्री और गृह मंत्री इतना झूठ बोला हो। ये झूठों के सरदार हैं। इन्होंने कहा कि हम दो करोड़ युवाओं को नौकर देंगे। क्या नौकरी दी? 15—15 लाख रुपये देने का वादा किया था। क्या 15 लाख रुपये मिला?'' उन्होंने गृह मंत्री के बयान का उल्लेख करते हुए कहा, ''सब लोग भगवान में आस्था रखते हैं। लेकिन आप क्यों घोषणा करते हैं? मई (2004) में चुनाव हैं तो कहते हैं कि जनवरी में राम मंदिर का उद्घाटन होगा। क्या आप राम मंदिर के पुजारी हैं, क्या महंत हैं? साधु संतों को बोलने दीजिए। आपका काम देश की सुरक्षा करना, लोगों की सुरक्षा करना, लोगों का पेट भरना और किसानों को उचित दाम देना है।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि शाह और भाजपा के लोग चुनावी वादों को चुनाव के बाद जुमला करार देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''इनके मुख में राम बगल में छुरी है। ये छुरी लेकर घूम रहे हैं, समाज को बांट रहे हैं, जाति, जाति और धर्म, धर्म के बीच झगड़ा लगा रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''इसीलिए राहुल गांधी यह पदयात्रा निकाल रहे हैं। यह यात्रा वोटों के लिए नहीं है, ये देशहित के लिए है।'' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी राज्य त्रिपुरा में बृहस्पतिवार को एक रैली में कहा था कि अगले साल एक जनवरी तक अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन कर तैयार हो जायेगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुये शाह ने कहा था, ''राहुल बाबा सुनिये, एक जनवरी 2024 तक भव्य राम मंदिर बन कर तैयार हो जायेगा।

### जेपी नड्डा ने चित्रदुर्ग में कार्यकर्ता समावेश को किया संबोधित

## कहा: यूपीए जैसी पिछली सरकारें वंशवादी पार्टियां थीं

नई दिल्ली। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कर्नाटक में पेशेवरों के साथ बातचीत की है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जैसा कि कर्नाटक में चुनाव नजदीक हैं, यहां के लोगों से बातचीत करना और पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के पथ पर कैसे आगे बढ़ रहा है, इस पर चर्चा करना मेरी प्रमुख जिम्मेदारी बन जाती है। जब पीएम मोदी ने 2014 में पदभार संभाला था, तो यह सिर्फ प्रधानमंत्री का, पार्टी का, सरकार का बदलाव नहीं था, यह वास्तव में देश में राजनीतिक संस्कृति का बदलाव था। जेपी नड्डा ने कहा कि यूपीए जैसी पिछली सरकारें वंशवादी पार्टियां



थीं। वे वोट बैंक की राजनीति में विश्वास करके सरकार चला रहे थे। वे बांटो और राज करो की बुनियाद पर अमल कर रहे थे और देश को जातियों और धर्म के आधार पर बांट रहे थे। दुनिया पर मंडरा रहे घोर संकट के समय में न तो अमेरिका और न ही ब्रिटेन मानवता को बचाने या अर्थव्यवस्था को बचाने के बीच फैसला कर सका, और यह भारत ही था, जिसने लॉकडाउन की घोषणा करने और कोरोना की उस बड़ी चुनौती को अच्छी तरह से प्रबंधित करने का समयबद्ध और साहसिक निर्णय लिया। जेपी नड्डा ने कहा कि एक वैक्सीन विकसित होने में वर्षों लग जाते हैं, लेकिन कोविड के चुनौतीपूर्ण समय में, यह अप्रैल 2020 था, जब मोदी जी ने एक टास्क—फोर्स का गठन किया, पर्याप्त धन मुहैया कराया, और कम समय में रिकॉर्ड—कम समय में कोविड वैक्सीन विकसित करने में मदद की। पीएम मोदी के नेतृत्व में, श्वैक्सीन मैत्रीश कार्यक्रम के माध्यम से, भारत ने 100 से अधिक देशों को ब्टप्क वैक्सीन की आपूर्ति की, जिसमें 48 देशों को मुफ्त में वैक्सीन प्राप्त हुई। हम दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़ चुके हैं। यह वह देश था जिसने दो शताब्दियों तक हम पर शासन किया और अब वह समय है जब हम इससे बहुत आगे खड़े हैं। यह सब पीएम मोदी जी के मजबूत दूरदर्शी नेतृत्व के कारण संभव हुआ है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम में महान उपलब्धियां हासिल करने से लेकर इस्पात निर्माण में उच्च प्रगति करने तक, भारत सभी क्षेत्रों में रिकॉर्ड तोड़ रहा है।

## मेयर चुनाव को लेकर दिल्ली में जबरदस्त हंगामा

### भाजपा बोली: आप को किस बात का डर, इनका काम अराजकता फैलाना

नई दिल्ली। दिल्ली में मेयर चुनाव को लेकर जबरदस्त तरीके से हंगामा हो रहा है। आम आदमी पार्टी और भाजपा के पार्षद आमने—सामने हैं। आम आदमी पार्टी के पार्षद मनोनीत सदस्यों को लेकर जबरदस्त तरीके से हंगामा कर रहे हैं। शपथ ग्रहण का कार्यक्रम भी रुक गया है। सदन में जबरदस्त तरीके से धक्का—मुक्की भी हुई है। इन सब के पीछे भाजपा जबरदस्त तरीके से आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा रही है। भाजपा का साफ तौर पर कहना है कि आम आदमी पार्टी अराजकता फैला रही है। उनको किस बात का डर है। दिल्ली से भाजपा सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी को डर किस बात का है? क्या नैतिक रूप से आम आदमी पार्टी हार चुकी है? क्या उनको समझ आ गया है कि उनके पार्षद उनका साथ नहीं देंगे? मेयर चुनने के पहले ही इस तरह का हंगामा, ये निश्चित रूप से दिखाता है कि आम आदमी पार्टी नैतिक रूप से हार चुकी है। वहीं, केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि ये (।।च)



अराजक लोग है और इनका काम अराजकता फैलाना है। जब संख्या इनके पास है तो इनको डर किस बात का है। ये जो दबंगई है ये इनके सांसदों द्वारा राज्यसभा में भी देखने को मिलती है और यहां पर भी यही हो रहा है। भाजपा ने साफ तौर पर कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के इशारों पर सिविक सेंटर में सरेआम गुंडागर्दी कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल यह गुंडागर्दी नहीं चलेगी। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने लिखा कि आप के गुंडे ने सदन के अंदर आप के वरिष्ठ नेताओं और विधायकों के निर्देश पर हंगामा और अराजकता का सबूत दिया। क्या ऐसा इसलिए है क्योंकि आप जानती है कि उन्होंने एमसीडी चुनावों में 12: वोट गंवाए और उन्हें अपने ही पार्षदों पर शक है जिन्होंने आप का टिकट खरीदा? आप द्वारा यह गुंडागर्दी क्यों। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने लिखा कि डब्क में अपने कुकर्मों को छिपाने के लिए और कितना गिरोगे भाजपा वालो! चुनाव टाले, पीठासीन अधिकारी की गैरकानूनी नियुक्ति, मनोनीत पार्षदों की गैरकघनूनी नियुक्ति, और अब जनता के चुने पार्षदों को शपथ न दिलवाना३. अगर जनता के फैसले का सम्मान नहीं कर सकते तो फिर चुनाव ही किसलिए?।।च पार्षद प्रवीण कुमार ने कहा कि आज गैर कानूनी तरीके से भाजपा की गुंडागर्दी देखने को मिली। सबसे पहले मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण कराया जा रहा था। जब हमने इसका विरोध किया और पहले निर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण कराने की मांग की तो हंगामा हो गया। उन्होंने (भाजपा) मेरे ऊपर एक मोमेंटो फेंका।

## उच्चतम न्यायालय अवमानना मामले में एनटीपीसी के प्रमुख की याचिका पर करेगा सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय अवमानना के एक मामले में राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) के प्रमुख को दोषी करार देने और दो माह की जेल की सजा सुनाने के तेलंगाना उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड,न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला ने एनटीपीसी प्रमुख के वकील सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता के अभिवेदन पर गौर किया। मेहता ने कहा था कि मामले को तत्काल सूचीबद्ध किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, '' यह मामला कुछ गैर—कार्यकारी कर्मचारियों की नियुक्तियों के संबंध में अवमानना का है जिसमें एनटीपीसी के प्रमुख को दो माह की जेल की सजा सुनाई गई है।'' इस पर पीठ ने कहा,'' हम इसे सुनेंगे।'' इसके साथ ही पीठ ने मेहता को न्यायाधीशों के लिए याचिका की तीन प्रतियां उपलब्ध कराने को कहा।

## कश्मीर में दूरदराज के गांव में रहने वाले युवक ने आईएसएस परीक्षा पास कर रचा इतिहास

श्रीनगर। कश्मीर घाटी में बदले माहौल में



युवा मुख्यधारा के क्षेत्रों में कॅरियर बनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं जिसके चलते घाटी को सैयद आदिल जहूर नामक युवक के रूप में आईएसएस परीक्षा का दूसरा क्वालीफायर मिला है। बारामूला जिले के सुदूर हजीबल गांव के सैयद आदिल जहूर नाम के 26 वर्षीय युवक ने घाटी का गौरव बढ़ाया है जिसके बाद से उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। हम आपको बता दें कि सैयद आदिल जहूर वर्तमान में खंड विकास कार्यालय काजियाबाद में लेखा सहायक के रूप में कार्यरत हैं और अपने पहले प्रयास में ही वह आईएसएस परीक्षा में सफल हुए हैं। आईएसएस की योग्यता प्राप्त करने वाले पहले कश्मीरी बांदीपोरा के हाजी अल्ताफ थे जिन्होंने 2001 में परीक्षा उत्तीर्ण की थी और वर्तमान में वह उप महानिदेशक का पद संभाल रहे हैं। हम आपको यह भी बता दें कि सैयद आदिल जहूर ने गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज बॉयज बारामूला से कला स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने कश्मीर विश्वविद्यालय से परास्नातक किया और बाद में 2020 में जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए अर्हता प्राप्त की। आदिल एक मध्यम वर्गीय परिवार से आते हैं, लेकिन आर्थिक तंगी ने उन्हें बड़े सपने देखने से नहीं रोका। आदिल ने कहा कि एक दूरदराज के गांव में रहने और बुनियादी सुविधाओं की कमी होने के बावजूद उनके इरादे कभी नहीं डिगे जिसके चलते उन्हें सफलता मिली है।

## इंदिरा प्वाइंट पहुंचे राजनाथ सिंह

### हिन्द—प्रशांत समुद्री क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति का दिया संदेश

नई दिल्ली। अरुणाचल प्रदेश जाकर पूर्वी सीमाओं की सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को देश की सबसे दक्षिणी समुद्री सीमा इंदिरा पॉइंट पहुंचकर सीमाओं की सुरक्षा की समीक्षा की। अपनी अंडमान निकोबार यात्रा के दूसरे और आखिरी दिन रक्षामंत्री ने इस दौरान रक्षा तैयारियों की गहन समीक्षा के साथ ही वहां तैनात सैनिकों को क्षेत्र में राष्ट्रीय हितों की रक्षा में सजग रहने के लिए प्रोत्साहित भी किया। रक्षामंत्री ने इस दौरान यहां स्थापित देश के इकलौते संयुक्त सैन्य कमान का दौरा कर वरिष्ठ सैन्य अफसरों के साथ बैठक की और इस क्रम में संयुक्त कमान के कार्य संचालन की भी समीक्षा की।



रक्षा मंत्री की बैठक काफी अहमः रक्षा मंत्री की यहां की संयुक्त कमान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक इस लिहाज से भी मायने रखती है कि तीनों सेनाओं के बीच बेहतर समन्वय के लिए संयुक्त थियेटर कमान बनाने के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। सैन्य संसाधनों के अधिकतम इस्तेमाल से लेकर सामरिक रणनीति के बेहतर समायोजन के लिए संयुक्त थियेटर कमान बनाने पर रक्षा मंत्रालय और तीनों सेनाओं में गहन विचार—मंथन की प्रक्रिया चल रही है।

चार साल बाद इंदिरा प्वाइंट पहुंचे रक्षा मंत्रीः रक्षा मंत्री के जनवरी 2019 यानी चार साल बाद देश के सबसे अंतिम समुद्री छोर इंदिरा प्वाइंट जाने के भी अपने रणनीतिक मायने हैं। हिन्द—प्रशांत महासागरीय क्षेत्र के इन सुदूर द्वीपों की निकटता के मद्देनजर रणनीतिक संकेत देने के अलावा रक्षा मंत्री की अंडमान—निकोबार कमान की यात्रा यहां तैनात सैनिकों के उत्साह के लिहाज से भी अहम है।






## असम और मेघालय सीमा विवाद समझौते पर रोक:

## असम, मेघालय ने किया शीर्ष अदालत का रुख

नयी दिल्ली। असम और मेघालय की सरकारों ने अपने सीमा विवाद को सुलझाने को लेकर दोनों राज्यों के बीच हुए अंतरराज्यीय समझौते के क्रियान्वयन पर रोक लगाने के मेघालय उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। सीमा विवाद को सुलझाने को लेकर दोनों राज्यों के बीच हुए अंतरराज्यीय समझौते पर असम, मेघालय के मुख्यमंत्रियों ने हस्ताक्षर किए थे। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की ओर से दाखिल किए गए प्रतिवेदन पर गौर किया।



इसमें कहा गया था कि मामले में तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है, क्योंकि उच्च न्यायालय की एकल और खंडपीठ ने उस अंतर—राज्यीय सीमा समझौते के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है जिस पर पिछले साल हस्ताक्षर किए गए थे। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, '' हम इस पर सुनवाई करेंगे। कृपया याचिका की तीन प्रतियां सौंपें।'' मेघालय उच्च न्यायालय की एक एकल पीठ ने असम और मेघालय के मुख्यमंत्रियों द्वारा हस्ताक्षरित एक अंतरराज्यीय सीमा समझौते के तहत जमीन पर भौतिक सीमांकन या सीमा चौकियों के निर्माण पर गत वर्ष नौ दिसंबर को अंतरिम रोक लगा दी थी। इसके बाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था जिस कारण दोनों राज्यों ने शीर्ष अदालत का रुख किया। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा और असम के उनके समकक्ष हिमंत विश्व शर्मा ने दोनों राज्यों के बीच अक्सर तनाव उत्पन्न करने वाले 12 विवादित क्षेत्रों में से कम से कम छह के सीमांकन के लिए पिछले साल 29 मार्च में एक समझौता ज्ञापन पर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए थे।

## इग्नू के पाठ्यक्रम में प्रवेश 31 तक

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र पर विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश 31 जनवरी तक होगा। यह जानकारी देते हुए केन्द्र के समन्वयक डॉ आलोक शुक्ल ने बताया कि केन्द्र पर संचालित सर्टिफिकेट कोर्स, सीआई जी, सी एन सी सी, सीएफ एन, सी ए एफ इ, सी एच आर, पी जी टी आरडी, डी एन एच इ, डी ए एफ इ, पीजीडीएम, बीए, बीकॉम, एम ए–हिंदी,राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास, लोक प्रशासन, अंग्रेजी व एम ए आर डी में प्रवेश लिया जा सकता है।

फोटो 19

# स्नातक चुनाव में युवाओं को मिलना चाहिए अवसरः संदीप

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। भारतीय जनता पार्टी बलरामपुर के सक्रिय कार्यकर्ता और पदाधिकारी संदीप उपाध्याय ने गोरखपुर अयोध्या स्नातक निर्वाचन को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह और चुनाव संयोजक डॉ अजय सिंह पिंकू को अपना आवेदन बुधवार को सौंपा था इसी क्रम में उन्होंने क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र जिला प्रभारी बलरामपुर त्रयंबक तिवारी को अपना आवेदन सौंपा। स्नातक चुनाव को लेकर चुनाव तारीख की घोषणा हो चुकी है लेकिन अभी भाजपा द्वारा उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है कार्यकर्ताओं के बीच अपने कार्यों से लोकप्रिय संदीप उपाध्याय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नाम सम्बोधित



आवेदन क्षेत्रीय महामंत्री त्रयंबक तिवारी को सौंपा उन्होंने कहा कि स्नातक चुनाव में युवाओं को अवसर देना चाहिए । उन्होंने कहा कि देवीपाटन मंडल में काफी विकास होना शेष है बलरामपुर श्रावस्ती अति पिछड़े जनपद की श्रेणी में आता है यदि देवीपाटन मंडल को गोरखपुर फैजाबाद स्नातक निर्वाचन में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है तो युवाओं

**■ संदीप उपाध्याय ने गोरखपुर, अयोध्या स्नातक निर्वाचन क्षेत्र हेतु किया आवेदन**
**■ क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र त्रयंबक तिवारी को सौंपा आवेदन**

और शिक्षकों के हित में कार्य किये जायेगें उन्होंने कहा कि युवा देंश के भविष्य है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अति महत्वपूर्ण है यदि उन्हें पार्टी की तरफ से उम्मीदवार बनाया जाता है तो वो पार्टी विचारधारा को बढ़ाने के साथ साथ युवाओं के लिए कार्य करेंगे। बताते चले कि संदीप उपाध्याय नरेन्द्र देव यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, कुमारगंज फैजाबाद से एम एस सी एग्रीकल्चर बायोकेमिस्ट्री में गोल्ड मेडलिस्ट रहे हैं उनकी शुरुआती शिक्षा दीक्षा जनपद बलरामपुर के सरस्वती शिशु मंदिर, रमनापार्क से हुई है और यही से वो बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में आना जाना शुरू किया। कालेज में पढ़ाई के दौरान भारत सरकार के राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से बाल श्रम उन्मूलन, पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा को लेकर भी कार्य किते है। अंतरराष्ट्रीय ट्रैकिंग संस्था यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के नेशनल काउंसिल मेंबर के तौर पर युवाओं में पर्यटन को लेकर जागरूकता बढ़ाने का भी कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा पार्टी में बूथ प्रभारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, जिला संयोजक सोशल मीडिया, जिला कार्यसमिति सदस्य व सह मीडिया प्रभारी के दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं और जनसंपर्क प्रवास के दौरान पार्टी की विचारधारा को निरंतर बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं।

## स्नातक एम एल सी चुनाव को भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। गोरखपुर, अयोध्या स्नातक एम एल सी चुनाव को




लेकर सरगर्मिया तेज है भाजपा कार्यालय अटल भवन बलरामपुर पर स्नातक चुनाव को लेकर जिलास्तरीय बैठक का आयोजन कर चुनाव के करणीय कार्यों को लेकर चर्चा की गई इस दौरान जिला प्रभारी त्रयंबक तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, विधायक तुलसीपुर कैलाशनाथ शुक्ला, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, चुनाव संयोजक डा अजय सिंह पिंकू, ब्लॉक प्रमुख हेमत जायसवाल, प्रवीण सिंह विक्की, महिपाल चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रामकरन मिश्रा, बृजेन्द्र तिवारी, रमेश जायसवाल, जिला महामंत्री विष्णु देव गुप्ता, रवि कुमार मिश्रा, वरूण सिंह, विधानसभा संयोजक, पोलिंग स्टेशन प्रमुख, सह संयोजक अंशुमान शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में 37 बिंदुओं पर विकास कार्यों की बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। डीएम डॉ महेंद्र



कुमार की अध्यक्षता में 37 बिंदुओं पर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा नहरों की सिल्ट सफाई, विद्युत वसूली, नई सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, योजना फसल बीमा योजना, निराश्रित गोवंश का संरक्षण,इयर टैगिंग, आयुष्मान भारत, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, दवाओं की उपलब्धता, एंबुलेंस की पहुंच प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, हैंडपंप रिबोर, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई

**■ खरीफ सीजन में शत प्रतिशत कृषकों का कराए फसल बीमा- डीएम**
**■ बैठक से नदारद सहायक श्रमायुक्त का वेतन रोके जाने का डीएम ने दिया निर्देश**

योजना, सामूहिक विवाह, छात्रवृत्ति, ऑपरेशन कायाकल्प, कौशल विकास मिशन, स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने खरीफ सीजन के लिए सभी किसानों का फसल बीमा कराए जाने, गौशालाओं में 5 तारीख तक पोषण का पैसा का भुगतान सुनिश्चित किए जाने, चरवाहों का भुगतान सुनिश्चित किए जाने ठंड से बचाव के लिए समुचित प्रबंधन किए जाने का निर्देश दिया। बैठक से नदारद सहायक श्रमायुक्त का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद पाठक, उपायुक्त उद्योग राजेश पांडे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, उपनिदेशक कृषि प्रभाकर सिंह, जिला कृषि अधिकारी आरपी राणा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रोस्टर वार विद्यालयों में बताए जाएं ट्रैफिक सुरक्षा के नियमः जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

**■ बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वालों के विरुद्ध चलाए अभियान- डीएम**

बलरामपुर। जिले में पांच जनवरी से चार फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह चलाया जाएगा। सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक जिला अधिकारी डॉ महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने सभी सरकारी बसों एवं प्राइवेट बसों का फिटनेस कराए जाने एवं सरकारी ड्राइवरों का नेत्र जांच कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वाले के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्ती से चालान किए जाने की कार्रवाई की जाए। सभी विद्यालयों में शेड्यूल बनाकर ट्रैफिक सुरक्षा के नियम बताए जाने, जनपद स्तर पर ट्रैफिक नियम से संबंधित प्रदर्शनी का आयोजन किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समस्त विद्यालयों में परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक नियमित रूप से कराई जाए जो विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक नहीं करा रहे हैं उनको नोटिस जारी करें। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र एवं ब्लाइंड स्पॉट को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाने का निर्देश दिया। कहा कि कहीं भी ब्लाइंड स्पॉट ना रहे। सभी गन्ना ट्रॉलियों में रिफ्लेक्टर लगाए जाने का निर्देश दिया। बैठक से नदारद एआरएम रोडवेज के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ ज्योति गौतम, एआरटीओ अरविंद यादव, सीओ सिटी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला गन्ना अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भाजयुमो यंग इंडिया रंग कार्यक्रम का आयोजन करेगा

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर,बलरामपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा बलरामपुर




के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी) के अवसर पर यंग इंडिया रन कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं के प्रतिभा को निखारने का काम करेगा इस कार्यक्रम में जिले का कोई भी युवा जो 18 वर्ष से 40 वर्ष का हो प्रतिभाग कर सकता है यह जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान प्रवासीक्षेत्रीय उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने दिया जिला अध्यक्ष भाजयुमो संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन एमएलकेपीजी कॉलेज से किया जाएगा जिसमें जिले के लगभग 1000 से अधिक युवा भाग लेंगे यह दौड़ 5 किलोमीटर का होगा बालक व बालिका वर्ग से तीन–तीन विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा इस अवसर पर जिला प्रभारी त्रयंबक तिवारी जिला अध्यक्ष भाजपा प्रदीप सिंह,जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस,क्षेत्रीय मंत्री भाजयुमो शिवांजलि पांडे जिला उपाध्यक्ष ऋषभ सिंह जिला मंत्री संत मणि तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान संगठन ने खंड विकास अधिकारी को अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर,सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भनवापुर ब्लाक परिसर में राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद शुक्ला के नेतृत्व में प्रधानों के 15 सूत्रीय मांग को लेकर खंड विकास अधिकारी भनवापुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मोबाइल में नेटवर्क की दिक्कत के वजह से प्रधानों को मोबाइल से हाजिरी लगाने में काफी दिक्कतें होती हैं इस वजह से




मोबाइल मानिटरिंग को बंद कराया जाए, मनरेगा में 5 लाख रुपए के वित्तीय स्वीकृति के अधिकार को स्वीकृति प्रदान की जाए जिससे प्रधान स्वयं भुगतान कर सके, मनरेगा द्वारा किए गए कार्यों का भुगतान लेबर के खाते में व मटेरियल का भुगतान पूर्व की तरह की जाए, ग्राम पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों का भुगतान तत्काल कराया जाए जिससे विकास कार्यभारित ना हो। वही प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद शुक्ल ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में विकास कार्यों में प्रधान की भूमिका हम रहती है परंतु प्रधानों का उत्पीड़न लगातार हो रहा है, राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशन में हम लोग या ज्ञापन दे रहे हैं मजदूरी कम है भुगतान सही समय पर नहीं हो पा रहा है पंचायती राज में कुछ नहीं व्यवस्थाएं आई हैं जिनको लेकर काफी दिक्कतें होती हैं ऐसे में संगठन के निर्देशानुसार हम लोग ज्ञापन दे रहे हैं यह विज्ञापन से हमारी बात नहीं मानी गई तो हम सोमवार से ब्लॉक गेट का ताला बंद कर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। वही बिजौरा प्रधान प्रतिनिधि प्रवीण ने कहा कि पंचायती राज में नई व्यवस्थाओं के लागू होने से विकास कार्य बाधित हो रहे हैं भुगतान सही से नहीं हो पा रहा है जो लेबर हैं उनको कम पैसे मिल रहे हैं इसलिए गांव में लेबर नहीं मिल रहे हैं विकास कार्य करने में काफी दिक्कतें हो रही हैं जिनका सुधार किया जाना उचित है हम मांग करते हैं की पूर्व की भांति पंचायती राज की व्यवस्थाओं को लागू किया जाए जिससे विकास कार्य में कोई दिक्कत ना हो। इस मौके पर मोहम्मद हुसैन,जमील अहमद, सुनील, नरेंद्र दूवे, चन्द्रभान आदि लोग मौजूद रहे।

## स्टाम्प वेंडरो ने समस्याओ को लेकर दिया ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। आल यू0 पी0 स्टाम्प वेण्डर्स एसोसियेशन



बांसी तहसील इकाई ने स्टाम्प वेंडरो की समस्याओ को ले कर सहायक उपनिबंधक बांसी को प्रदेश उपाध्यक्ष सन्तोष कुमार अग्रहरी के नेतृत्व में 6 सूत्री मांग पत्र उप निरीक्षक निबन्धनः आयुक्त स्टाम्प महोदय उत्तर प्रदेश को सौपते हुए बताया की प्रदेश के स्टाम्प वेंडर काफी कठिनायों की दौर से जीवन गुजर करने को विवस है। अतः स्टाम्प वेण्डर्स की समस्याओ को निस्तारित करवाने का कष्ट करे। प्रदेश उपाध्यक्ष सन्तोष कुमार अग्रहरी ने कहा कि विभिन्न तहसीलो एंव जनपद मुख्यालाओ में 25 हजार स्टाम्प वेण्डर्स प्रदेश के राजस्व बढोत्तरी में अपना योगदान कर रहे है प्रदेश का स्टाम्प वेण्डर्स कठिनाइयो से गुजर रहा है। स्टाक होल्डिंग कारपोरेशन से कमीशन एक लाख के सापेक्ष 92 रु0 प्राप्त होता है इससे अधिक 118 रु0 प्रति लाख कैश हैण्डलिंग चार्जेज का भुगतान करना पड़ता है। सन्तोष कुमार अग्रहरी ने कहा कि पूर्व की भांति ई–स्टाम्पिंग में 1 प्रतिशत कमीशन अथवा उत्तराखण्ड माडल लागू किये जाने का निवेदन किया जाता है कि माननीय मंत्री स्टाम्प तथा निबंधन एवं न्यायलय शुल्क महोदय द्वारा प्रदेश के 25 हजार वेण्डर्स हेतु पहचान पत्र डिजिटल आई0 कार्ड जारी करने के निर्देश आपके कार्यालय को प्रेषित कर दिया। लगभग चार माह व्यतीत हो जाने के बाद भी इस सम्बन्ध कोई नितिगत निर्णय आपके कार्यालय द्वारा नही लिया गया है। मंत्री के निर्देशानुसार तत्काल आई कार्ड द्वारा स्टाक होल्डिंग कारपोरेशन आपके डिजिटल हस्ताक्षर से जारी किये जाने का निवेदन है कि स्टाम्प नियमावली की धारा 151ख में दिये गये प्राविधानो के अन्तर्गत स्टाम्प वेण्डर्स लाइसेन्स नवीनीकरण में एक रुपया लाने के उद्देश्य से वितीय वर्ष 2023–24 से आगामी 5 वर्षो के लिए नवीनीकरण कराने की कृपा करे एंव नवीनीकरण की आड़ में वेण्डर्स के आर्थिक शोषण को बन्द करवाने की कृपा करे। साथ ही 10 रु0 से लेकर 100रु0 तक के फिजिकल स्टाम्प निरंतर रखने का मांग किया जाता है यह कि हम सभी प्रदेश के वेण्डर्स शासन की मंशा के अनुसार आमजनमानस को स्वच्छ एंव पारदर्शी ई–स्टम्पिंग हेतु वचन बद्ध है। ज्ञापन सौपने में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्रा, जगदीश प्रसाद, सैदुल्लाह, श्रीप्रकाश, मनोज दूबे, संजय दूबे, ओम प्रकाश, बाबू नन्दन मिश्र, पवन श्रीवास्तव, मोहित जैसवाल, उर्मिला, रामवृक्ष, रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, आदि लोग उपस्थित रहे।

# राजकीय आश्रम पद्धति विशुनपुर विश्राम में छात्राओं को दी गई विधिक जानकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लल्लू सिंह के निर्देशानुसार राजकीय गया तथा बेटियों के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिविर के दौरान उपस्थित



आश्रम पद्धति विद्यालय विशुनपुर विश्राम पचपेड़वा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण विमल प्रकाश आर्य की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। विधिक जागरूकता शिविर में सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि जिन लोगों के पास न्यायालय जाकर अपनी कानूनी समस्याओं को रखने के लिए धन नहीं है, उन्हें बिना पैसे के मुकदमे की निशुल्क पैरवी कराए जाने एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम के बारे में छात्राओं को विस्तारपूर्वक बताया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें पास्को अधिनियम के बारे में भी बताया गया। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भारत में कन्या भ्रूण हत्या एवं गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण पर रोक लगाया जाने के बारे में बताया अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र के जो प्रार्थना पत्र हैं उसका निस्तारण समय से जांच परख कर करें।

गलत तरीके से किसी भी प्रकार का प्रमाण पत्र जारी ना किया जाए इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि लेखपाल, अमीन, ग्राम सचिव अपने–अपने क्षेत्र के पात्र गरीब, असहाय लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार योजनाओं का लाभ प्रदान करने में अपना शत–प्रतिशत सहयोग प्रदान करे तथा महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें। इस दौरान परियोजना निदेशक थारू विकास तेजपाल सिंह, समाज कल्याण अधिकारी एमपी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम, तहसीलदार तुलसीपुर प्रमेश कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति भारत अभियान को लेकर रैली निकालकर किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। एसएसबी 43वी वाहिनी द्वारा नशीली दवाओं एव नशीले पदार्थो के सेवन और दुरूपयोग को रोकने के लिए चलाये जा रहे नशा मुक्ति भारत अभियान के क्रम में शुक्रवार को सशस्त्र सीमा बल 43वी वाहिनी की सीमा चौकी ककरहवा के जवानों के नेतृत्व में आबकारी विभाग सिद्धार्थनगर, मानव सेवा संस्थान सेवा गोरखपुर की शाखा ककरहवा, पण्डित भागीरथी इंटर कालेज के एनसीसी कैडेट्स द्वारा नशीली दवाओं एवं नशीली पदार्थो के विरुद्ध जागरूकता रैली ककरहवा में निकाली गई एवं व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। रैली के माध्यम से नागरिको को



नारों के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा था कि एक पल का मजा जीवन भर सजा, नशा पता अब छोड़ दो टूटे रिश्ते जोड़ लो, गृह कलेश और मार पिटाई छोड़ो नशे की लत मेरे भाई, नशा नाश का दूजा नाम तन मन धन तीनो बेकाम, आओ सब मिल जुल कर आओ देश को नशा मुक्त बनाओ आदि नारो से लोगो को नशे से होने वाले हानि के बारे में सन्देश दिया गया। नशा मुक्ति भारत अभियान रैली में एसएसबी निरीक्षक केपीएम वांजिनाथन, आबकारी निरीक्षक अजय कुमार, चौकी इंचार्ज तरुण कुमार शुक्ला, एसएसबी के उप निरीक्षक राहुल, सहायक उप निरीक्षक सजंय कुमार, कश्मीर सिंह, आबकारी विभाग के प्रमोद यादव, राजू कुमार, दिनेश कुमार यादव, सीया दुलारी, केयर टेकर एनसीसी दिनेश पाण्डेय, मानव सेवा संस्थान सेवा के प्रभारी जय प्रकाश गुप्ता, नीलू देवी, बृजलाल यादव सहित एसएसबी के जवान एव एनसीसी के कैडेट्स शामिल रहे।

# विकास कार्यो को लेकर आयुक्त बस्ती ने किया समीक्षा बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विकास कार्यो की समीक्षा बैठक आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती योगेश्वर राम मिश्र, की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती योगेश्वर राम मिश्र द्वारा सर्वप्रथम सभी अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया। आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती योगेश्वर राम मिश्र ने सभी को नववर्ष की शुभकामना दी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आयुष्तान कार्ड बनाने की प्रगति कम पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र लक्ष्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती योगेश्वर राम मिश्र ने कहा कि जो डाक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे है उन पर कड़ी कार्यवाही करे। काम न करने वाले डाक्टर व कर्मचारियों पर कार्यवाही करे। लोगो को परिवार नियोजन के लिए जागरूक करे तथा परिवार नियोजन का लक्ष्य पूर्ण करे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में दवाये पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।





नियमित टीकाकरण कराया जा रहा है। आशा कार्यकत्री के पारिश्रमिक का माह नवम्बर 2022 तक भुगतान हो गया है। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती योगेश्वर राम मिश्र ने विद्युत के बकाया बिलो की वसूली में प्रगति लाकर लक्ष्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया तथा बड़े बकायेदारो की आर0सी0 जारी करने का निर्देश दिया। आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती योगेश्वर राम मिश्र ने पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि सरकारी धन के दुरूपयोंग में आरोप सिद्ध होने पर संबधित के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सामुदायिक शौचालय के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की तथा निर्देश दिया कि सामुदायिक शौचालय समय से खुले तथा लोग उसका उपयोग करे। आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती ने जिला पंचायत रातज अधिकारी को खराब हैण्ड को रिबोरध ठीक कराने का निर्देश दिया। आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती योगेश्वर राम मिश्र ने बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान छात्रों की उपस्थिति के बारे में जानकारी चाही गयी गयी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्र विद्यालय आते है। रसोईयो के मानदेय का माह अक्टूबर 2022 तक का भुगतान कर दिया गया है। आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत विद्यालयों में बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कराया गया है। 351 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास बनाये गये है। आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती ने विद्यालयो का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। कौशल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती योगेश्वर राम मिश्र ने निर्देश दिया कि महिलाओ को सिलाई, कढ़ाई के अलावा व्यूटीशियन का प्रशिक्षण कराये। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी को फार्म को ऑनलाइन फीडिंग कराने का निर्देय दिया। परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण ने आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती को जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री आवास योजनान्तर्गत 183 के लक्ष्य के सापेक्ष 180 लाभार्थियों का चयन किया गया है 143 लाभार्थियों को द्वितीय किस्त मिल गयी है। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत 3703 का लक्ष्य मिला है जिसके सापेक्ष 2143 स्वीकृत हो गया है शेष में कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती योगेश्वर राम मिश्र ने सार्वजनिक स्थलो पर अलाव की व्यवस्था कराने तथा जरूरतमंदो में कम्बल का वितरण कराने का निर्देश दिया गया। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती श्री योगेश्वर राम मिश्र को उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में यूरिया की कमी नही है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में ग्रामीण क्षत्रों में 47 अस्थायी गौशाला संचालित है तथा 03 वृहद स्थायी गौशाला संचालित है। गौवंश का टीकाकरण कराया जा रहा है। आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती योगेश्वर राम मिश्र ने ए.आ.टी.ओ. ट्रालीध्वाहनो पर पीछे रिफलेक्टर लगवाने का निर्देश दिया। इसके अलावा प्रधानमंत्री स्वतः रोजगार, श्रम योगी मानधान योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (जननी सुरक्षा योजना), छात्रवृत्ति, मत्स्य, दुग्ध, तथा अन्य विभागों के प्रगति की समीक्षा की गयी। आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती योगेश्वर राम मिश्र ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हम लोगो को जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करना चाहिए। जनपद सिद्धार्थनगर एक आकांक्षी जनपद है। आप सभी लोग अपने विभाग की नीतिधनियमों के अनुसार कार्य करे। अपने दायित्वों का समयबद्ध और पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करे। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती योगेश्वर राम मिश्र को विश्वास दिलाते हुए कहा कि समस्त अधिकारीगण आपके निर्देशानुसार समयबद्ध कार्य करेगे। आपके मार्गदशन में कार्य करते हुए जनपद को ऊचाईयों पर ले जायेगे। जिलाधिकारी ने आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती योगेश्वर राम मिश्र का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) उमाशंकर, समस्त उपजिलाधिकारी, डी0एफ0ओ0 चन्देश्वर सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 विनोद कुमार अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 ए0के0झा, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, डी0सी0एन0आर0एल0एम0 योगेन्द्र लाल भारती, जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्य, उपकृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी सी0पी0 सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 राहुल गुप्ता, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, जिला दिव्यांग जनसश्क्तीकरण अधिकारी एजाजुल हक खान, जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभांगी कुलकर्णी, समस्त अधिशासी अभियन्ता तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## थाना परिसर में पड़ी वाहनों की हुई नीलामी

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना



परिसर में पड़ी वाहनों की नीलामी प्रक्रिया के लिए टेंडरिंग करा सफाई अभियान चलाया गया। जिसके तहत कोतवाली में शुक्रवार को नीलामी प्रक्रिया की गई। नीलामी अधिकारी उप जिला अधिकारी न्यायिक संत कुमार ने बोली की प्रक्रिया शुरू कराई। बोली के लिए कुल 67 लोगो ने दो दो लाख रूपये एडवांस जमा कराया। कुल सत्ताइस गाड़ियों की नीलामी होनी थी,लेकिन एक गाड़ी का मालिक आवेदन देकर स्वयं स्वामित्व हाशिल किया। छब्बीस गाड़ियों में पहले दो मोटरसाइकिल की नीलामी के लिए।बोली लगानी शुरू हुई प्रथम बोली आठ हजार दो सौ से शुरू हुई, दस हजार पांच सौ रूपये में राज ट्रेडर्स के नाम रही। शेष चौबीस गाड़ियों के नीलामी उन्न्यासी हजार पांच सौ रूपये से शुरू हुई,जो अंतिम बोली एक लाख एक हजार में राज ट्रेडर्स के नाम ही रही। बोली लगाने में कुल सात लोगो ने ही बोला। नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात सभी आवेदक के एडवांस जमा धनराशि को न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने वापस किया गया। इस दौरान सीओ सदर अखिलेश वर्मा, नायब तहसीलदार बिंद्रेश कुमार, कोतवाल ज्ञानेंद्र राय, आर आई बृजेश कुमार, एस आई अशोक कुमार, किशोरी लाल, नंदलाल यादव, गौरव, सहित सभी क्षेत्रवासी वा बोली लगाने वाले मौजूद रहे।

## माघ मेला बांसी को लेकर अधिशाषी अधिकारी ने किया बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। मौनी अमावस्या नहान पर लगने वाले माघ



मेला बांसी के सफल संचालन को लेकर शुक्रवार की शाम नपा के अधिशाषी अधिकारी ने कर्मचारियों के साथ बैठक किया। बैठक मे तय हुआ कि मेले का उद्घाटन बीस जनवरी को होगा जो बीस फरवरी तक चलेगा। बैठक को संबोधित करते हुए अधिशाषी अधिकारी विन्ध्याचल ने कहा कि परम्परागत रूप से लगने वाले इस मेले की भव्यता मे कोई खामी नही होनी चाहिए। मेले मे सफाई व पथ प्रकाश की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए तथा मेले मे आने वाले लोगों को कोई असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखे।उन्होनें कहा कि वर्ष 1954 से मौनी अमावस्या नहान पर लगने वाला यह मेला काफी प्राचीन है इसकी भव्यता को बढ़ाने मे सभी कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ लग जाये। बैठक के अन्त मे बिजली,साफ सफाई, दुकान आवंटन, झूला, शो आईटम आदि की जिम्मेदारी कर्मचारियों को सौपा गया। ठक मे प्रधान लिपिक जमील अहमद, गिरीश पांडेय रामकुमार, सफाई प्रभारी राजकुमार पांडेय, राजेश वर्मा, रामचरण यादव, प्रमोद अग्रहरि, राघवेंद्र धर दिवेदी, जमील अहमद आदि उपसत थे।

## कमिश्नर ने किया कपिलवस्तु क्षेत्र में हो रहे पर्यटन स्थल का भ्रमण





दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को कमिश्नर बस्ती मंडल योगेश्वर कुमार मिश्र ने जिले के कपिलवस्तु क्षेत्र में हो रहे पर्यटन स्थल का भ्रमण कर निरीक्षण किया। कमिश्नर ने सर्वप्रथम बुद्ध की क्रीड़ा स्थली में निर्मित बुद्ध स्तूप पहुंचे। उन्होंने भंतो का कुशल क्षेम लिया। स्थल में बने पार्क का भ्रमण किया। तत्पश्चात सिद्धार्थ विश्विद्यालय से सटे पर्यटन स्थल में निर्माण हो रहे बुद्ध थीम पार्क, आर्ट गैलरी, लाइट एंड सो साउंड, फूडप्लाजा, टिकट विंडो सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण कर जानकारी ली। गुणवत्ता पूर्ण निर्माण की बात कही। अधूरे कार्यों को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला अधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, एस डी एम प्रदीप कुमार यादव, ए ई निर्माण आर के यादव, जेई रजनीश कुमार, सहित निर्माण निगम अधिकारी वा पर्यटन विभाग के अधिकारी, कोतवाली प्रभारी ज्ञानेंद्र राय पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

> **पर्यटन स्थल में निर्माणाधीन भवने पूर्ण हो चुकीं हैं। क्यू आई सी की टीम का रिपोर्ट भी आ गया है। कुछ स्टोन की घिसाई शेष है,आर्ट गैलरी लाइट एंड साउंड के सामने बने पार्क में पौधरोपण, सड़कों की साफसफाई आदि को पंद्रह दिनों में पूर्ण करा विभाग को हेंड ओवर कर दिया जायेगा।**

## कुलपति प्रोफेसर हरि बहादुर श्रीवास्तव ने किया औचक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु परिसर में चल रहा है सेमेस्टर की परीक्षाओं का कुलपति प्रोफेसर हरि बहादुर





श्रीवास्तव ने औचक निरीक्षण किया। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में इस समय परिसर सहित छह जिलों के संबद्ध महाविद्यालयों में सेमेस्टर के विभिन्न कक्षोओं तथा विषयों की परीक्षा विगत दिनों से चल रही है। विश्वविद्यालय केंद्र पर आज स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान लोक प्रशासन समाजशास्त्र संस्कृत अंग्रेजी अर्थ प्राचीन इतिहास इतिहास हिंदी उर्दू मनोविज्ञान तथा स्नातक तृतीय सेमेस्टर अर्थशास्त्र एवं बीबीए तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा चल रही थी। परीक्षा का औचक निरीक्षण करने कुलपति ने औचक निरीक्षण किया तथा परीक्षा व्यवस्था पर संतोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि कमरों में लाइट की व्यवस्था परीक्षा के समय बहुत अच्छी रहे खिड़की बंद रखी जाए। विद्यार्थियों से भी उन्होंने कहा कि ठंड से बचने के उपाय करके परीक्षा केंद्र परआये। कुलपति ने कहा कि ठंड को ही देखते हुए परीक्षा 8.00 बजे की अपेक्षा प्रातकाल की 8.30 पर कराई गई है। केंद्राध्यक्ष डॉ नीता यादव ने कुल्प्टिको परीक्षा सेसम्बन्धित सभी पक्षो की जानकारी दी।उक्त जानकारी सूचना धिकारी डॉ अविनाश प्रताप सिंह ने दिया है।

## हर घर जल योजना के कार्यों का मंडलायुक्त बस्ती ने किया निरीक्षण,दिया दिशा निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नौगढ़ तहसील क्षेत्र विकास खंड जोगिया के ग्राम पंचायत देवरा बाजार में निर्माणाधीन पानी की टंकी का



मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने किया निरीक्षण जल जीवन मिशन के तहत पेयजल योजना से सभी घरों जोड़ने का किया जा रहा है कार्य मंडलायुक्त बस्ती ने किया निरीक्षण इस दौरन मंडलायुक्त ने ग्रामीणों से कहा कि प्रत्येक हर घर में पहुंचेगा शुद्ध पेयजल योजना के तहतहर घर मे दिया जाएगा शुद्ध पानी इस दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम राजेंद्र सिंह ने बताया कि लगभग 5 महीनों में निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा सभी ग्रामीणों के घरों को पेयजल योजना से जोड़ दिया जाएगा इस दौरान जिलाधिकारी संजीव रंजन,अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, सदर एसडीएम प्रदीप कुमार यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी देवी गुलाम, अधिशासी अभियंता जल निगम राजेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी सतीश सिंह,ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप सिंह, ग्राम विकास अधिकारी आशीष कुमार,ग्राम प्रधान देवरा बाजार रोहित कुमार,पूर्व ग्राम प्रधान रत्नेश सिंह व ग्रामीण राजकुमार सिंह,राहुल सिंह,शिव कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## राज्य कर्मचारियों ने जरूरदमंदो को कम्बल वितरित किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को सायं से देर रात्रि तक राज्य



कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार जायसवाल, कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकरन गुप्ता के नेतृत्व में भीषण ठंड से बचाव तथा मानवता की रक्षा हेतु जनपद के गरीब, बेसहारा, मजलूम व्यक्तियों को कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर महामंत्री राजेश मिश्रा, उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन उपाध्याय, मंत्री कैलाश मणि त्रिपाठी ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, भीमापार, मधुकर पुर, पकड़ी चौराहा आदि जगह जाकर कंबल वितरित किया।

## कड़ाके के ठंड में लोगो का बना अलाव एक सहारा

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। कड़ाके के ठंड में लोगो का सिर्फ



अलाव एक सहारा बन चुका है जहा भी देखा जाय वहा ही अलाव के पास लोग बैठे नजर आ रहे है लोग घर से बाहर नहीं जा पा रहे है कड़ाके ठंड की मार लोग झेल रहे है जहा देखा जाय वहा अलाव ही अलाव जल रहे है लोग सिर्फ अलाव की व्यवस्था कर बैठे हुए है वही ग्राम प्रधान सोहास खास के श्रीस प्रताप यादव ने जगह जगह अलाव की व्यवस्था किए हुए है जिससे लोग ठंड से बच सके प्रधान ने पुलिस चौकी, प्राथमिक विद्यालय, शिव मंदिर आदि जगहों पर अलाव की व्यवस्था किया गया है।

## उसका में ईओ के न रहने से हो रही परेशानी

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। कस्बा में स्थित नगर पंचायत कार्यालय पर दो सप्ताह से अधिक समय से ईओ का पर रिक्त है। तत्कालीन ईओ जितेंद कुमार सिंह यादव के गैर जनपद स्थानांतरण के बाद अभी तक किसी ईओ की यहाँ पर तैनाती नही हुई है। इससे नागरिको को परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य कागजात के लिए भटकना पड़ रहा है। कस्बा के मथुरा प्रसाद जायसवाल, अभिषेक मिश्र, दीप नरायन, शिव शंकर आदि ने प्रशासन से ईओ की तैनाती की मांग की है।

## नगर पंचायत उसका में गलन बढ़ी, अलाव नही

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। एक सप्ताह से लगातार गलन बढ़ रहा है। इससे लोग ठंढ से कांप रहे है। कस्बा के विभिन्न वार्डो में अलाव न जलने से लोग काफी परेशान है। कुछ गिने चुने स्थानों पर ही खानापूर्ति के लिए प्रशासन अलाव रहा है। शेष स्थानों पर नागरिक गलन से ठिठुर रहे है। कस्बा के रेहरा बाजार के सब्जी मंडी के बगल में नागरिक स्वंय बास फट्टी इक्ट्ठा कर जलाकर ठंढ से राहत पा रहे है। यहाँ कस्बा सहित दर्जनों गांवों के लोग भी रोजमर्रा की बस्तुओं की खरीददारी के लिए आते है। अलाव न रहने से लोग ठंढ से कांप रहे है। कस्बा के फूल चन्द सहानी, गोपाल अग्रहरि, अनूप मोदनवाल, राम उजगिर पाण्डेय, कपिल त्रिपाठी, संजय जायसवाल, प्रमोद कुमार आदि ने प्रशासन से अबिलम्ब पर्याप्त मात्रा में अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है।

सम्पादकीय

# अब समय है आगे की ओर देखने का

**विगत 2 वर्ष में पूरी मानवता ने गंभीर महामारी का सामना किया और अभी तक उससे उबर नहीं पाया है। तब से एक नए वेरिएंट ने दस्तक दे दी है जिससे लोगो में भय भी दिखाई देने लगा हैं लेकिन हमें इनसे डरना नहीं इनका सामना करना है। इसीलिए जरूरी है आगे की राह कैसे आसान हो इस पर ध्यान लगाना । जो बीत गया उस पर ...**

एक बार तथागत बुद्ध के दो शिष्य भिक्षाटन के लिए एक नगर की ओर जा रहे थे उनके रास्ते में एक छोटी सी नदी पड़ती है जिसे वो आसानी से पार सकते थे जैसे ही वो नदी पार करने के लिए आगे बढ़े तभी एक महिला ने उन्हें आवाज दिया और उनसे अनुरोध किया की उसकी उस नदी को पार करने में सहायता करे इसके लिए एक शिष्य मान गया और उस महिला को उठाकर नदी पार करने लगा और उस महिला को पार करवा दिया उस महिला ने किसी समारोह में जाने के लिए वस्त्र पहने थे जिसके कारण उसे नदी पार करने में दिक्कत हो रही थी। यह सब दृश्य देखकर दूसरा शिष्य बहुत ही विचलित हुआ। कई दिनों के बीत जाने के पश्चात बुद्ध वापिस आते है ।

दूसरा शिष्य तुरंत ही उनके पास जाता है और पहले शिष्य की शिकायत करता है। यह सब सुनकर बुद्ध उसे बुलवाते है और उस घटना के बारे में पूछते हैं तब उस शिष्य ने कहा,ष्तुम अब तक उस महिला को उठाए हुए हो मैं कब का उसे वहा छोड़ आयाष । आप इस कहानी को हो सकता है बहुत बार सुने हो लेकिन इस कहानी से मूल बात निकली वो हमेशा के लिए सार्थक रहा है। प्रत्येक मनुष्य किसी समस्या के आने से पहले ही या समस्या के घटित होने बाद तक भी उसके बारे में सोचकर परेशान होता रहता है। अर्थात वो अपने मन में समस्या का बोझ लादे फिर रहा है।

आज 31 दिसंबर अंतिम दिन वर्ष का है इसके बाद नया वर्ष होगा। मनुष्य को वर्तमान में मौजूद रहना बहुत ही आवश्यक है अर्थात उसे वर्तमान में जीना बहुत जरूरी है नही तो अनेक मानसिक समस्या से जूझता फिरेगा । आज जरूरी है व्यक्ति को शरीर के साथ साथ मानसिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी है। अब यह वर्ष बीत गया तो आप ने क्या खोया उसके बारे ज्यादा न सोचे अन्यथा यह वर्ष सोचने में बर्बाद हो जाएगा और रह जायेगा आप पर बढ़ता मानसिक बोझ तो खुश रहने का प्रयास करे । वर्तमान समय जहा लोगो को खुद के पास समय नहीं ऐसे में आप अपनी परेशानियों को क्यों इतना तरजीह दे रहे है। अनेक अध ययन इस बात की पुष्टि कर चुके है की आने वाला समय में मानसिक विकृति सबसे बड़ी महामारी के रूप में उभरेगी ।

इसका प्रमुख कारण है मेरे अनुसार एकाकीपन जीवन हमने अपने आस पास एक आभासी दुनिया बना लिया हमे ये तो मालूम है की दूर बैठा व्यक्ति कहा घूम रहा है । अनेक सोशल मीडिया एप ने पूरी तरह से जकड़कर रख लिया है । हमारे पड़ोस में कौन है ? इसकी जानकारी नहीं है । परिवार के लिए समय नहीं है ।

मानसिक तनाव के अनेक कारण है लेकिन हम जब समस्या को लंबे समय तक अपने साथ चिपकाए रहते है तो यह एक गंभीर शारीरिक बीमारी के रूप में उभर कर बाहर निकलता है। हृदय रोग, मधुमेह, अर्धकपारी यहां तक कि त्वचा से संधित रोग भी तनाव के लंबे समय तक रहने के कारण उत्पन्न होते है।इसीलिए व्यक्ति को समस्या के समाधान पर फोकस करना चाहिए न की समस्या पर।

विगत 2 वर्ष में पूरी मानवता ने गंभीर महामारी का सामना किया और अभी तक उससे उबर नहीं पाया है। तब से एक नए वेरिएंट ने दस्तक दे दी है जिससे लोगो में भय भी दिखाई देने लगा हैं लेकिन हमें इनसे डरना नहीं इनका सामना करना है। इसीलिए जरूरी है आगे की राह कैसे आसान हो इस पर ध्यान लगाना । जो बीत गया उस पर ज्यादा सोच कर समय गंवाना ठीक नही है। वर्तमान को अच्छा करिए निश्चित ही भविष्य भी अच्छा होगा। आप सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं यह वर्ष आपके लिए शुभ हो। लेखक असिस्टेंट प्रोफेसर मनोविज्ञान हैं

# आर्थिक तर्क के अनुरूप

छोटी अर्थव्यवस्था वाले देशों में आम प्रवृत्ति अपने पास–पड़ोस के बड़े देश से आर्थिक संबंध मजबूत करने की रहती है। यह सामान्य आर्थिक सिद्धांत इस वर्ष एशिया में व्यवहार में आता नजर आया। इसका फायदा चीन को मिला।

एक अमेरिकी अखबार के विश्लेषण के मुताबिक बीते साल अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में चीन को अलग–थलग करने की अमेरिकी रणनीति एशिया में कामयाब नहीं हुई। अमेरिका ने अपने सहयोगी एशियाई देशों से चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता घटाने को कहा था। लेकिन असल में गुजरे वर्ष ज्यादातर एशियाई देशों के चीन के साथ आर्थिक संबंध और मजबूत हो गए। अब अमेरिकी अर्थशास्त्री इस पर विचार कर रहे हैं कि ऐसा क्यों हुआ। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल से अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि छोटी अर्थव्यवस्था वाले देशों में आम प्रवृत्ति अपने पास–पड़ोस के बड़े देश से आर्थिक संबंध मजबूत करने की रहती है। यह सामान्य आर्थिक सिद्धांत इस वर्ष एशिया में व्यवहार में आता नजर आया। नतीजतन, चीन एशियाई देशों के लिए अपेक्षाकृत सस्ती दर पर मशीनरी, कार आदि जैसे उत्पादों का प्रमुख सप्लायर बना रहा। इससे एशियाई देशों के साथ व्यापार बढने की चीन की नई रणनीति कामयाब होती नजर आई। पश्चिमी देशों से संबंध तनावपूर्ण होने के कारण चीन ने ये रणनीति अपनाई है, जिसके तहत वह आसपास के देशों से कारोबार बढ़ाने पर खास जोर डाल रहा है।

उधर अमेरिका की अपनी नीतियां उसे उलट दिशा में ले गई हैं। उसने घरेलू राजनीति की प्रतिस्पर्धा के कारण मुक्त व्यापार समझौतों से अपने को अलग किया। अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि जब तक अमेरिका मुक्त व्यापार समझौतों के प्रति अपनी नीति बदल कर एशियाई देशों की पहुंच अपने विशाल उत्पादन और उपभोक्ता बाजार तक नहीं बनाने देगा, चीन के प्रभाव को कम करने की उसकी रणनीति कामयाब नहीं होगी। स्थिति यह है कि दुनिया में बनते नए हालात के कारण कई देशों ने खुद को मैनुफैक्चरिंग केंद्र बनाने की पहल की है। लेकिन इससे चीन के कारोबार पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। इन देशों ने जिन चीजों के उत्पादन के कारखाने लगे हैं, उनके लिए भी पाट–पुर्जे अक्सर चीन से मंगवाए गए हैं। इसकी मिसाल भारत भी है, जो स्मार्टफोन उत्पादन के एक बड़े केंद्र के रूप में उभर रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि यहां बनने वाले स्मार्टफोन में भी चीन से आने वाले पुर्जों और बेसिक मैटेरियल्स का इस्तेमाल हो रहा है।

# पेसा एक्ट से होगा जनजातीय समुदाय का आर्थिक-सामाजिक सशक्तिकरण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की गरिमामयी उपस्थिति में मध्यप्रदेश 15 नवंबर 2022 को उस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना जब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में जनजातीय समुदाय को जल, जंगल और जमीन के अधिकार देने के लिए पेसा एक्ट लागू किया गया। मध्यप्रदेश पेसा एक्ट लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। प्रदेश के 20 जिलों के 89 जनजातीय बहुल विकास खंड में पेसा एक्ट लागू किया गया है। पेसा एक्ट जनजातीय भाई–बहनों की आर्थिक, सामाजिक उन्नति और उन्हें सशक्त एवं अधिकार सम्पन्न बनाने का जरिया बन रहा है। यह एक्ट समाज के सभी नागरिकों के हित में है। किसी भी गैर–जनजातीय समाज के नागरिक के खिलाफ नहीं है। ऐसे जनजातीय भाई–बहन जो विकास की दौड़ में पीछे रह गये थे, पेसा एक्ट उन्हें मजबूत बनायेगा। पेसा एक्ट के नियमों के अनुसार अब पटवारी और वन विभाग के बीट गार्ड को गाँव की जमीन का नक्शा, खसरा, बी–1 नकल साल में एक बार गाँव में लाकर ग्राम सभा में दिखाना होगा, जिससे जमीन के रिकॉर्ड में कोई गड़बड़ी न कर सके। यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है, तो ग्राम सभा को रिकॉर्ड सुधारने की सिफारिश करने का अधिकार होगा। पटवारी को ग्राम सभा की बैठक में भूमि संबंधी विवरण पढ़ कर भी सुनाना होगा। पेसा एक्ट में प्रावधान है कि शासन की योजना के किसी भी प्रोजेक्ट में किये जाने वाले सर्वे और भू–अर्जन के लिये ग्राम सभा की अनुमति जरूरी होगी। किसी भी जनजातीय नागरिक की भूमि छल–कपट और बल से अब कोई हड़प नहीं सकेगा। यदि कोई ऐसा करता है, तो ग्राम सभा को उसे वापस करवाने का अधिकार रहेगा। पेसा एक्ट बहला–फुसला कर धर्म बदलवाने और फिर जनजातीय समाज की जमीन हड़प लेने की आशंका को समाप्त करेगा। खनिज की खदान, जिसमें रेत, गिट्टी पत्थर की खदान शामिल है, के ठेके पर देना है या नहीं, इसका फैसला ग्राम सभा करेगी। खदान पर पहला अधिकार सोसायटी, फिर गाँव की बहन–बेटी और उसके बाद पुरुष का होगा। 0–ग्राम सभा करेगी सिंचाई तालाबों का प्रबंधनरूराज्य सरकार ने गाँव–गाँव में तालाब बनवाये हैं। इन तालाबों का पूरा प्रबंधन ग्राम सभा करेगी। ग्राम सभा तय करेगी कि तालाब में मछली पाले या सिंघाड़े की खेती हो। तालाब से जो आमदनी होगी, वह ग्राम सभा को मिलेगी। सौ एकड़ कृषि क्षेत्र में सिंचाई करने वाले तालाब का प्रबंधन अब सिंचाई विभाग नहीं ग्राम सभा करेगी। 0–वनोपज पर होगा ग्राम सभा का अधिकाररूगाँव की सीमा के जंगल में होने वाली वनोपज– महुआ, हर्रा, बहेरा आदि को इकठ्ठा करने और बेचने और भाव तय करने का अधिकार ग्राम सभा के पास होगा। तेन्दूपत्ता को तोडने और बेचने का अधिकार ग्राम सभा को दिया गया है। इसमें सरकार का किसी भी प्रकार का दखल नहीं रहेगा। सरकार यह काम तभी करेगी, जब ग्राम सभा चाहेगी। 0–ग्राम विकास का फैसला भी ग्राम सभा करेगीरूग्राम सभा ही ग्राम विकास की कार्य–योजना बनायेगी। ग्राम सभा की मंजूरी के बाद ही ग्राम पंचायत को मिलने वाली राशि खर्च की जा सकेगी। काम के लिये गाँव से बाहर जाने वाले मजदूरी को पहले ग्राम सभा में यह बताना होगा कि वह कहाँ काम करने जा रहा है, उस स्थान का पता लिखाना होगा, जिससे उस मजदूर के हितों का ध्यान ग्राम सभा रख सके। यदि कोई बाहर का व्यक्ति गाँव में आता है, तो उसे भी ग्राम सभा को बताना होगा। मजदूरों को पूरी मजदूरी मिले, इसका ध्यान भी ग्राम सभा रखेगी। जनजातीय क्षेत्रों में केवल लायसेंसधारी साहूकार ही तय ब्याज दर पर पैसा उधार दे सकेंगे। इसकी जानकारी भी ग्राम सभा को देनी होगी। अधिक ब्याज लेने पर संबंधित साहूकार पर कार्यवाही होगी। 0–ग्राम सभा की मंजूरी के बिना नहीं खुलेगी नई शराब दुकानरूग्राम सभा की मंजूरी के बिना गाँव में शराब और भांग की नई दुकान नहीं खुल सकेगी। किसी शराब दुकान को हटाने की सिफारिश ग्राम सभा कर सकेगी। यदि शराब की दुकान के पास स्कूल, अस्पताल और धर्मशाला है, तो ग्राम सभा उस शराब दुकान को वहाँ से हटाने की सिफारिश सरकार को कर सकेगी। ग्राम सभा को बिना मंजूरी के खोली गई शराब की दुकानों पर कार्यवाही करवाने का अधिकार रहेगा। ग्राम सभा किसी विशेष दिन को ड्राय डे घोषित करने की सिफारिश कलेक्टर को कर सकेगी। 0–ग्राम सभा सुलझाएगी छोटे झगड़ेरूगाँव में शांति एवं विवाद निवारण समिति बनेगी और गाँव के छोटे–मोटे झगड़े थाने नहीं जायेंगे। ऐसे झगड़ों को अब ग्राम सभा में ही सुलझाया जायेगा। गाँव के किसी व्यक्ति के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज करने के पहले पुलिस को ग्राम सभा को बताना होगा। 0–ग्राम सभा कर सकेगी स्कूल–आँगनवाड़ी का निरीक्षणरूपेसा एक्ट ने ग्राम सभा को अधिकार दिया है कि वह आँगनवाड़ी, स्कूल, आश्रम, छात्रावास का निरीक्षण करे और इनके काम ठीक से कराए। इसके साथ ही ग्राम पंचायत में विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के निरीक्षण और सामजिक अंकेक्षण का अधिकार भी ग्राम सभा के पास होगा। 0–जनजातीय परंपराओं और संस्कृति का संरक्षणरूस्थानीय जनजातीय परंपराओं और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी ग्राम सभाओं की होगी। वे जनजातीय परंपराओं, रूढियों, उनकी सांस्कृतिक पहचान, सामुदायिक संस्थाओं और विवादों के निराकरण की रूढ़ीगत रीतियों को सुरक्षित और संरक्षित करेंगी। ग्राम सभा क्षेत्र में लगने वाले बाजार, मेलों और पशु मेलों का प्रबंधन भी करेंगी।

# समलैंगिक विवाह : तीखी बहस छिडने की संभावना

**समलैंगिक व्यवहार के पक्षधर अब भारत में भी इस प्रकार के व्यवहार से जुड़े कानूनों की वकालत करते दिखाई दे रहे हैं। आप स्वीकार करें या न करें, मगर सच्चाई यह है कि समलैंगिक यौन व्यवहार से जुड़ी घटनाओं को कानून की शिथिलता से नियंत्रित नहीं किया जा सकता। यह तो समाज में पनपता एक विसंगत व्यवहार है, जिसकी जड़ों पर समाज–मनौवैज्ञानिक प्रहार करना आवश्यक है...**

डॉ. विशेष गुप्ता

सर्वोच्च अदालत ने हाल ही में समलैंगिक विवाह को स्पेल मैरिज एक्ट में कानूनी मान्यता देने की मॉग वाली याचिकाओं पर विचार करने का मन बनाया है।

उच्चतम न्यायालय ने इस मसले पर सुनवाई में मदद के लिए केन्द्र सरकार व अटार्नी जनरल को भी नोटिस जारी किये हैं। गौरतलब है कि प्रधान न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने समलैंगिक विवाह करने के अधिकार पर अमल करने और स्पेल मैरिज एक्ट के तहत अपने विवाह को पंजीकृत करने के निर्देश देने की मांग कर रहे दो समलैंगिक जोड़ों की ओर से पेश वरिष्ठ वकीलों की दलीलें सुनने के बाद नोटिस जारी किए हैं।

दरअसल, देखा जाए तो यह मुद्दा नवतेज सिंह जौहर (समलैंगिक संबध) और पुत्ता स्वामी (निजता का अधिकार) मामले में दिए गए फैसले की आगामी कड़ी है। शीर्ष अदालत में अभी हाल ही में दो याचिका और दाखिल की गई हैं। इनमें एक हैदराबाद के सुप्रियो चक्रवर्ती व अभय डांग ने दाखिल की है और दूसरी याचिका फिरोज महरोत्रा व उदयराज की ओर से दाखिल की गई है। दोनों याचिकाओं के परीक्षण पर शीर्ष अदालत ने अपनी सहमति दे दी है।

सर्वोच्च न्यायालय के इस लचीले रूख के तहत समलैंगिकता को लेकर देश में फिर से एक तीव्र विमर्श शुरू हो गया है। इसके पक्षकारों ने अपनी लैंगिकता को लेकर पिछले दिनों दिल्ली, चेन्नई, बंगलौर एवं भुवनेर में गे–प्राइड परेड का आयोजन करते हुए समलैंगिक रिश्तों को बनाए रखने की वकालत की थी। इसके पक्षकारों का साफ कहना था कि यह कानून 1860 में लार्ड मैकाले के द्वारा बनाया गया था जो हमारे जीवन जीने की स्वतत्रंता को बाधित करता है। दूसरी ओर धारा 377 समाप्त करने पर केंद्र सरकार के प्रयासों का विभिन्न धर्मगुरुओं ने भी कड़ा विरोध किया था। वर्तमान में समलैंगिक यौन व्यवहार से जुड़े उस माहौल को लेकर आज जो विमर्श शुरू हुआ है उसका तात्पर्य यह है कि यदि समाज का कोई वर्ग अपनी सामाजिक–सांस्कृतिक मान्यताओं से बगावत करते हुए कोई विपरीत रास्ता अपनाता है तो क्या समाज को उन्हें इस विकल्प को चुनने की आजादी दे देनी चाहिए? हालांकि अभी यह विमर्श अपनी शैशवास्था में है, परंतु न्यायालय के लचीले रुख के कारण इस विमर्श में तेजी आने की संभावना है। सच यह है कि समलैंगिक व्यवहार का ढांचा भले ही आदिकाल से चला आ रहा हो, परंतु वह हमेशा से ही निंदा का विषय रहा है। 20वीं सदी की शुरुआत तक आते–आते समलैंगिक व्यवहार को एक मानसिक रोग समझा जाता रहा था, लेकिन वैंकि संस्कृति के संक्रमण के साथ–साथ विदेशों से आकर समलैंगिक व्यवहार से जुड़ी अपसंस्कृति अब अपने देश की आबोहवा में भी तेजी से घुल–मिल रही है। ब्रिटेन में पिछले दिनों समलैंगिक विवाहों को वैद्य करार दे दिया गया। इसका आश्चर्यजनक पहलू यह रहा है कि ब्रिटेन में इस कानून के बनने के बाद लगभग पांच हजार समलैंगिक जोड़ों ने विवाह रचाए। इसी के साथ वहां अब इन समलैंगिक जोड़ों को कर निर्धारण, अन्य लाभ प्राप्ति तथा विरासत जैसे मामलों पर अपना हक जताने का अधिकार भी मिल रहा है। ब्रिटेन के अलावा डेनमार्क (1989), नाव्रे (1996), स्वीडन (1996), आयरलैण्ड (1996), चीन (1997), नीदरलैंड (2001), जर्मनी (2001), फिनलैंड (2002), बेल्जियम (2003), न्यूजीलैंड (2004), कनाडा (2005), स्पेन (2005), नेपाल (2007),अमेरिका (2022) के अलावा यूरोपीय संघ के 27 देशों, एशिया के वियतनाम, फिलिपींस, थाईलैंड तथा अफ्रीका के चाड, कांगों तथा मेडागास्कर इत्यादि देशों में समलैंगिक व्यवहार से जुड़े कानून प्रभावी हैं। समलैंगिक व्यवहार के पक्षधर अब भारत में भी इस प्रकार के व्यवहार से जुड़े कानूनों की वकालत करते दिखाई दे रहे हैं। आप स्वीकार करें या न करें, मगर सच्चाई यह है कि समलैंगिक यौन व्यवहार से जुड़ी घटनाओं को कानून की शिथिलता से नियंत्रित नहीं किया जा सकता। यह तो समाज में पनपता एक विसंगत व्यवहार है, जिसकी जड़ों पर समाज–मनौवैज्ञानिक प्रहार करना आवश्यक है। मानवीय व्यवहार का समाज–मनोवैज्ञानिक सिद्धांत यह बताता है कि लैंगिकता सामाजिक सीख के माध्यम से ही आत्मसात होती है।





संस्कृति ने हमें कार्य करने एवं जीवन जीने के अनेक विकल्प दिए हैं, परन्तु व्यक्तिगत स्वतंत्रता के आधार पर चयनित मानदंड संस्कृति का हिस्सा नहीं हो सकते। विरासत में प्राप्त सांस्कृतिक सीमाओं से पूर्णतयारू बाहर जाकर यदि कोई व्यक्ति व्यवहार के मानकीकृत मानदंडों के विपरीत व्यवहार का यदि कोई विकल्प चुनता है तो यह उनकी निजी जिंदगी के सुखबाद का हिस्सा तो हो सकता है, परंतु यह स्पष्ट रूप से पारिवारिक संस्कृति एवं संस्था के लिए चुनौती जरूर रहेगी। जिस प्रकार देश में सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में विस्तार हुआ है, उससे निश्चित ही लोगों की आर्थिक स्वतंत्रता में वृद्धि के साथ परिवार की महत्ता घटी है। इस मसले पर कानूनी जद्दोजहद से भविष्य में समलैंगिक व्यवहार जैसी विसंगतियों में और अधिक तीव्रता आने की संभावना हैं। इससे बचाव के लिए परिवारों में बच्चों के स्वस्थ सामाजीकरण के साथ उनसे मित्रवत व्यवहार करते हुए उन्हें लैंगिक सुरक्षा प्रदान किए जाने की जरूरत है।




# टी 20 में खत्म हो गया कोहली, रोहित शर्मा और केएल राहुल का करियर! कोच द्रविड़ ने दिए बड़े संकेत

पुणे। भारत और श्रीलंका के बीच तीन टी–20 मैचों की श्रृंखला खेली जा रही है। अब तक दो मुकाबले हुए हैं। दोनों ही टीमों ने एक–एक मुकाबले जीते हैं। श्रीलंका के खिलाफ भारतीय टीम में कई बड़े बदलाव हुए हैं। श्रीलंका के खिलाफ टी–20 मुकाबलों में विराट कोहली, केएल राहुल और रोहित शर्मा जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों को जगह नहीं दी गई है। इसके बाद से इन तीनों खिलाड़ियों को लेकर लगातार कई सवाल भी उठ रहे हैं। सवाल यह भी है कि क्या ज्20 में इन तीन खिलाड़ियों का कैरियर खत्म हो गया है? इसी संदर्भ में भारतीय टीम के मुख्य कोच और पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी राहुल द्रविड़ का बड़ा बयान आया है। राहुल द्रविड़ ने कहा कि युवा खिलाड़ी काफी हुनरमंद हैं



और सीखने की कोशिश कर रहे हैं। यह आसान नहीं है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सीखना बिल्कुल भी आसान नहीं होता है। हमें इनके साथ संयम से काम लेना होगा।

राहुल ने साफ तौर पर कहा कि श्रीलंका के पास अनुभवी अंतिम प्लेइंग इलेवन है जबकि भारत ने 2 महीने पहले हुए टी–20 विश्व कप की तुलना में अपनी टीम को बिल्कुल बदल दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हम अगले ज्20 विश्वकप के लिए टीम को तैयार कर रहे हैं। राहुल ने कहा कि हमने इस टी–20 श्रृंखला के पहले आखरी ज्20 मुकाबला मुकाबला विश्वकप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। वर्तमान में देखें तो उस टीम के तीन या चार खिलाड़ी ही टीम में मौजूद हैं। अगले टी20 के लिहाज से हम टीम पर काम कर रहे हैं। हमारी टीम बिल्कुल नई है। आपको बता दें कि दूसरे ज्20 मैच में श्रीलंका के खिलाफ मिली हार के बाद कई सवाल उठाए जा रहे हैं। लेकिन कोच राहुल द्रविड़ ने युवा खिलाड़ियों का बचाव किया है।

इसके अलावा राहुल द्रविड़ ने इस साल भारत में होने वाले वनडे विश्वकप को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अब फोकस भारत में होने वाले वनडे विश्व कप पर है। द्रविड़ का मानना है कि अधिक से अधिक युवाओं को टी20 खेलने का मौका देने का यह सही समय है। उन्होंने कहा कि अच्छी बात यह है कि इस साल वनडे विश्व कप होना है। उस पर अधिक फोकस रहेगा। उसके बाद विश्व टेस्ट चौम्पियनशिप है। ऐसे में टी20 मैचों में युवाओं को मौके दिये जा सकते हैं। भारत ने इस श्रृंखला में शिवम मावी, उमरान मलिक, शुभमन गिल और राहुल त्रिपाठी जैसे युवाओं को मौका दिया। द्रविड़ ने कहा कि उन्हें मौके देने के साथ उनका साथ देने की भी जरूरत है। हमें इनके साथ संयम से काम लेना होगा। हमें यह भी समझना होगा कि इस तरह के मैच आयेंगे ही।

# एशिया कप 2023 को लेकर पीसीबी चीफ नजम सेठी के आरोप पर आया एसीसी का बयान, हो गई बेइज्जती

पाकिस्तान में होने वाले एशिया कप 2023 के शेड्यूल को हाल ही में एशियन क्रिकेट काउंसिल अध्यक्ष और बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शेयर किया था। जय शाह द्वारा जारी किए गए इस शेड्यूल को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ नजम सेठी ने काफी नाराजगी जाहिर करते हुए जय शाह पर हमला बोला था। मगर अब एशियन क्रिकेट काउंसिल ने इस मामले पर पीसीबी चीफ को ऐसा करारा जवाब दिया है जिससे पीसीबी की किरकिरी हो गई है।




एसीसी ने किया बचाव

एशियन क्रिकेट काउंसिल ने पीसीबी अध्यक्ष की सोशल मीडिया टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया दी है। एशियन क्रिकेट काउंसिल के मुताबिक एसीसी कैलेंडर 2023–24 और पाथवे स्ट्रक्चर की घोषणा की जा चुकी है। एसीसी के मुताबिक, हमारी जानकारी में आया है कि पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी ने एसीसी अध्यक्ष द्वारा कैलेंडर ईयर को अंतिम रूप देने और उसकी घोषणा करने पर एकतरफ निर्णय लेने पर टिप्पणी की है। एसीसी ने स्पष्ट किया कि उसने स्थापित उचित प्रक्रिया का पालन किया है।

एसीसी द्वारा जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक 13 दिसंबर, 2022 को हुई बैठक में कैलेंडर को इसकी विकास समिति और फाइनेंस और मार्केटिंग समिति द्वारा अप्रूव किया गया था। समिति से प्रस्तावित होने के बाद कैलेंडर को 22 दिसंबर को एशिया कप में भाग लेने वाले सभी सदस्यों, जिसमें पाकिस्तान कंट्रोल बोर्ड भी शामिल है को भेजा गया था। इसके बाद कई बोर्ड की तरफ से सुझाव आए थे मगर पीसीबी ने कोई सहमति, टिप्पणी या संशोधन काउंसिल को नहीं भेजा था। काउंसिल ने साफ किया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पीसीबी चीफ नजम सेठी ने जो आरोप लगाए हैं वो निराधार है।

ये था मामला

एसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने ट्वीटर पर एशिया कप का शेड्यूल जारी किया था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ नजम सेठी ने जय शाह द्वारा शेड्यूल जारी किए जाने पर काफी नाराजगी जताई गई थी। नजम सेठी ने कहा था कि पीसीबी से पूछे बिना ही जय शाह ने एशिया कप का शेड्यूल जारी कर दिया है।

# भारत में पिछले 40 साल में कोई तेज गेंदबाज पैदा नहीं हुआ, फिर दुनिया के सामने आया वो दाकड़ आलराउंडर जिसने बदल दिया पूरा खेल

25 जून 1983 की वो तारीख जो भारतीय क्रिकेट इतिहास में हमेशा के लिए दर्ज है। एक ऐसी तारीख जिसने भारत में क्रिकेट को और क्रिकेट जगत में भारत को एक नई पहचान दी। इंग्लैंड के लॉर्ड्स मैदान पर भारत के 11 खिलाड़ियों दो बार के वर्ल्ड चौंपियन वेस्टइंडीज को हराकर अपना पहला विश्व कप जीता था। उस विश्व कप ने कप्तान कपिल देव और उनकी पूरी टीम ने वर्ल्ड क्रिकेट को बता दिया था कि क्रिकेट के खेल में भारत के रूप में एक नया चौंपियन आ गया है। कपिल देव ने 1983 में विश्व कप ट्रॉफी में भारत का नेतृत्व करने वाले पहले कप्तान बनने के बाद इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराया। एक ऐसे युग में जब भारत अपने चालाक बल्लेबाजों और मास्टर स्पिनरों के लिए प्रसिद्ध था, देव ने अपनी तेज गेंदबाजी से और बल्लेबाजी कौशल से एक नई इबारत लिखी। उन्हें अपने समय के शीर्ष ऑलराउंडरों में से एक माना जाता था। पूर्व भारतीय कप्तान के शानदार करियर में मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह उतार–चढ़ाव आए हैं।

शुरुआती जीवन कैसा रहा

कपिल देव का जन्म 6 जनवरी 1959 को चंडीगढ़ में हुआ था। लेकिन उस वक्त भला किसी को क्या पता था कि एक दिन ये बड़ा होकर भारत में क्रिकेट की दिशा–दशा बदल देगा। हरियाणा के इस खिलाड़ी



ने 1 अक्टूबर 1978 को चिर–प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और उसके बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा। मैदान पर किसी भी खिलाड़ी की तरह कपिल देव कभी भी अपनी राय साझा करने से पीछे नहीं हटे, कई बार इसने विवादों को भी जन्म दिया है। आइए उनके 64वें जन्मदिन पर, उनकी कुछ उपलब्धियों पर एक नजर डालते हैं, उनके पीछे की प्रेरणा और कुछ टिप्पणियां जिन्होंने हाल के दिनों में कुछ बहस छेड़ दी। द लॉन्ग गेम शीर्षक वाली मास्टरक्लास श्रृंखला के लिए क्रीड के साथ एक इंटरव्यू में कपिल देव ने साझा किया कि तेज गेंदबाज बनने की उनकी मुख्य प्रेरणा एक वरिष्ठ क्रिकेट अधिकारी को गलत साबित करने की थी। जिनका मानना था कि भारत एक तेज गेंदबाज पैदा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा था कि भारत में पिछले 40 साल में कोई तेज गेंदबाज पैदा नहीं हुआ है।

फरवरी 1994 में वह न केवल एक तेज गेंदबाज बने बल्कि टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिकॉर्ड भी दर्ज कराया। यह रिकॉर्ड केवल छह साल बाद वेस्ट इंडीज के दिग्गज कर्टनी वॉल्श द्वारा तोड़ा जाएगा।

कई लोग आधुनिक खेल को एक व्यस्त शेड्यूल के रूप में देखते हैं, लेकिन कपिल देव के एक स्टेटमेंट ने दबाव के बारे में शिकायत करने वाले खिलाड़ियों के सामने अलग ही स्थिति पैदा कर दी।

कपिल देव ने कहा कि मत खेलोश। आपसे कौन पूछ रहा है? दबाव होता है, लेकिन अगर आप उस स्तर पर खेल रहे हैं तो आपकी प्रशंसा की जाएगी और आपको गाली दी जाएगी। गालियों से डर लगता है तो मत खेलो३३३३३३३. प्रेशर अमेरिकन शब्द है। यदि आप काम नहीं करना चाहते हैं, तो न करें। क्या कोई आपको मजबूर कर रहा है? जा के केले की दुकान लगाओ। अंडे बेचो जा के। (केले का स्टॉल खोलो, जाओ अंडे बेचो)।"

# मेदवेदेव एडीलेड इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में

एडीलेड। दानिल मेदवेदेव ने एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस के




सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच से हो सकता है। जोकोविच को क्वार्टर फाइनल में डेनिस शापोवालोव से खेलना है। पिछले साल आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में रफेल नडाल से हारे मेदवेदेव ने रूस के ही कारेन खाचानोव को 6 . 3, 6 . 3 से हराया। जोकोविच कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण पिछले साल आस्ट्रेलियाई ओपन नहीं खेल सके थे। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के सेबेस्टियन कोरडा ने छठी वरीयता प्राप्त जानिक सिनेर को 7 . 5, 6 . 1 से मात दी। वहीं जापान के योशिहितो निशिओका ने आस्ट्रेलिया के एलेक्सेइ पोपिरिन को हराया।

# श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे दुबई से स्वदेश लौटे



कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे दुबई से स्वदेश लौट आए हैं। नकदी संकट का सामना कर रहे देश में उनकी सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे और उनके हाथ से सत्ता चली गई थी। चार माह पहले स्वदेश लौटने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा थी। समाचार पत्र 'डेली मिरर लंका' ने हवाई अड्डा ड्यूटी प्रबंधक और हवाई अड्डा आव्रजन विभागके प्रवक्ता के हवाले से बताया कि राजपक्षे और उनकी पत्नी आयोमा बृहस्पतिवार को दुबई से यहां भंडारनाइके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे। रिपोर्ट के अनुसार वे 'एमिरेट्स' की उड़ान संख्या 'ईके–650' से स्वदेश पहुंचे। गौरतलब है कि देश में विरोध प्रदर्शनों केबीच बेकाबू होते हालात के मध्य राजपक्षे (73)जुलाई को श्रीलंकाई वायुसेना के विमान से श्रीलंका से मालद्वीव चले गए थे और वहीं से 14जुलाई को उन्होंने राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था।कुछ सप्ताह बाद वह वहां से थाईलैंड चले गए थे। तब थाईलैंड ने कहा था कि राजपक्षे देश में 90 दिनों तक रह सकते हैं क्योंकि उनके पास राजनयिक पासपोर्ट है लेकिन उन्हें थाईलैंड में राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति नहीं दी गई थी। वह एक होटल में थे और सुरक्षाकर्मियों से घिरे रहते थे। राजपक्षे को सितंबर 2022 में थाईलैंड से श्रीलंका लौटने पर विशेष सुरक्षा दी गई थी और एक राजकीय आवास दिया गया था।

# Kishida-Biden meeting से पहले जापान –अमेरिका के बीच होगी रक्षा मुद्दों पर वार्ता

तोक्यो। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के अगले सप्ताह अमेरिका दौरा पर जाने से पहले दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्रियों के बीच रक्षा सहयोग को लेकर वार्ता होगी। किशिदा जी–7 देशों के अपने दौरे के अंतिम चरण में अमेरिका पहुंचेंगे। किशिदा फ्रांस, इटली, ब्रिटेन और कनाडा समेत छह देशों की अपनी यात्रा सोमवार को शुरू करेंगे और 13 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात करेंगे। जापानी अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि रक्षा मंत्री यासुकाजु हमादा और विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी अपने अमेरिकी समकक्षों क्रमशरू लॉयड ऑस्टिन और एंटोनी ब्लिंकन से ''टू प्लस टू'' सुरक्षा वार्ता के लिए बुधवार को रवाना होंगे। यह वार्ता व्हाइट हाउस में होगी। इस वार्ता में, जापान द्वारा पिछले साल दिसंबर के अंत में तथा अमेरिका द्वारा अक्टूबर में जारी की गईं नयी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीतियों के साथ ही चीन, उत्तर कोरिया व रूस जैसी सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के तरीकों पर मुख्य जोर रहने की संभावना है। हमादा ने शुक्रवार को बताया कि वह और ऑस्टिन बृहस्पतिवार को द्विपक्षीय रक्षा बैठकों में सैन्य बलों के विस्तार की संभावनाओं और उनके अभियानों को सघन करने की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।



# यूक्रेन को बख्तरबंद वाहन, पैट्रियट बैटरी भेजेगा जर्मनी

बर्लिन। जर्मनी युद्धग्रस्त यूक्रेन को बख्तरबंद कार्मिक वाहन (एपीसी) और एक पैट्रियट मिसाइल बैटरी भेजेगा। सरकार ने



बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। एपीसी ऐसा बख्तरबंद सैन्य वाहन होता है जिसे युद्ध क्षेत्र में सैनिकों तथा उपकरणों को ले जाने के लिए बनाया गया है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से बात की थी जिसके बाद जर्मनी–अमेरिका ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर यह घोषणा की। पैट्रियट यूक्रेन को पश्चिमी देशों से मिलने वाली सबसे उन्नत, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली होगी। जर्मनी ने मार्डर बख्तरबंद वाहन भेजने का फैसला तब किया है जब फ्रांस ने कहा कि वह बख्तरबंद युद्धक वाहन भेजने के लिए जल्द ही यूक्रेन से बातचीत करेगा। फ्रांस के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि यह पहली बार होगा जब पश्चिम निर्मित टैंक विध्वंसक यूक्रेन सेना को दिया जाएगा। जर्मन सरकार ने यह नहीं बताया कि कितने मार्डर एपीसी दिए जाएंगे या कब तक दिए जाएंगे। उसने कहा कि जर्मनी इसके संचालन के लिए यूक्रेनी सैनिकों को प्रशिक्षण देगा। बयान में कहा गया है कि अमेरिका ने पिछले महीने ऐलान किया था कि वह यूक्रेन को एक पैट्रियट वायु रक्षा मिसाइल बैटरी देगा और 'यूक्रेन को एक अतिरिक्त पैट्रियट वायु रक्षा बैटरी देने में जर्मनी भी अमेरिका का साथ देगा।'' जर्मनी ने पहले ही यूक्रेन को अहम सैन्य सहायता दी है जिसमें स्वचालित विमान रोधी बंदूक और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली आईआरआईएस–टी शामिल है। इसके बावजूद शोल्ज पर अपने देश में ही यूक्रेन को मार्डर वाहन समेत और अधिक हथियार भेजने का दबाव है।

# क्या श्रीलंका बन रहा है पाकिस्तान? जनता कर रही है खाद्य संकट का सामना, लगातार हो रही है एलपीजी गैस सिलेंडरों की जमाखोरी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ रहा है क्योंकि देश विदेशी मुद्रा भंडार की भारी कमी का सामना कर रहा है। पाकिस्तान के मुद्रा भंडार में 6. 7 बिलियन अमेरिकी डॉलर की गिरावट आई है। इस बीच, चीन ने भी देश में अपना निवेश कम कर दिया है। देश की राजनीति भी लड़खड़ा रही है, जिसका अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक का विदेशी मुद्रा भंडार आठ वर्ष के निचले स्तर 5.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे देश के सामने चूक का जोखिम भी बढ़ गया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह कहा गया। अर्थव्यवस्था को संभालने के सरकार के प्रयासों के बावजूद देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आई है। डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) का विदेशी मुद्रा भंडार 30 दिसंबर 2022 को समाप्त हुए हफ्ते के दौरान घटकर 5.576 अरब डॉलर रह गया जो इसका आठ साल का निचला स्तर है। इस हफ्ते के दौरान, बाहरी कर्ज के पुनर्भुगतान के लिए एसबीपी के विदेशी विनिमय भंडार से 24.5 करोड़ डॉलर की निकासी हुई है। अब पाकिस्तान सरकार के समक्ष चूक का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। वहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ अगली किस्त जारी करने को वार्ता फिर से शुरू करने के अनेक प्रयास भी अब तक विफल रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि जनवरी 2022 में एसबीपी का विदेशी मुद्रा भंडार 16.6 अरब डॉलर था जिसमें 11 अरब डॉलर की गिरावट आई और यह 5.6 अरब डॉलर रह गया। ऐसे में पाकिस्तान सरकार के पास विदेशी कर्ज को चुकता करने के लिए मित्र देशों से और कर्ज लेने के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचा है। अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक देश के पास विदेशी मुद्रा को जो भंडार बचा है उससे महज तीन हफ्ते का आयात ही किया जा सकता है। हाल ही में, पाकिस्तान की सरकार ने अपनी नई ऊर्जा संरक्षण योजनाओं के तहत सभी मॉल और बाजारों को रात 8रू30 बजे तक बंद करने का आदेश दिया है। इसके अलावा, उन्होंने लगभग 62 बिलियन पाकिस्तानी रुपये (273 मिलियन डॉलर) की नकदी–संकटग्रस्त देश को बचाने के लिए रेस्तरां को जल्दी बंद करने के लिए भी कहा है। यह कदम ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में डिफॉल्ट भय को कम करने के लिए संघर्ष कर रहा है, नौवें कार्यक्रम की समीक्षा पर मतभेदों के कारण + 1.1 बिलियन आईएमएफ बेलआउट किश्त अटक गई है, जिसे नवंबर में पूरा किया जाना चाहिए था। पाकिस्तान की ऊर्जा संरक्षण योजना में क्रमशः फरवरी और जुलाई से ऊर्जा–अकुशल बल्बों और पंखों के उत्पादन पर प्रतिबंध लगाना भी शामिल था। देश के रक्षा मंत्री के अनुसार, सर्दियों में 12,000 मेगावाट की तुलना में पाकिस्तान की चरम गर्मी बिजली की खपत 29,000 मेगावाट (मेगावाट) थी। अल अरबिया पोस्ट ने बताया कि ऊर्जा संकट के बीच, देश के



उत्तर–पश्चिमी क्षेत्र, यानी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में लोग गैस सिलेंडरों की जमाखोरी कर रहे हैं। देश में खाद्य संकट भी गहरा गया है। साथ ही कुछ वीडियो में लोग अपने एलपीजी सिलेंडर भरने के लिए प्लास्टिक के गुब्बारों का इस्तेमाल करते देखे गए। खाद्य मुद्रास्फीति साल–दर–साल 35. 5ः बढ़ी, जबकि पाकिस्तान में दिसंबर में परिवहन की कीमतें 41. 2ः बढ़ीं। इस बीच, श्रीलंका एक साल से अधिक समय से बढ़ती कीमतों से जूझ रहा है, जो मुख्य रूप से सात दशकों में सबसे खराब वित्तीय संकट के कारण हुआ है। ब्व्टप्क–19 महामारी के बाद पर्यटन और विदेशों में काम करने वाले नागरिकों के प्रेषण में गिरावट के बाद द्वीप देश वित्तीय संकट में डूब गया। यूक्रेन में युद्ध ने आयात, विशेष रूप से ईंधन की कीमतों में तेजी से वृद्धि की। जुलाई में राष्ट्रपति देश छोड़कर भाग गए और इस्तीफा दे दिया। तब तक, श्रीलंका अंततरू आईएमएफ के साथ जुड़ गया और दोनों पक्षों ने तब से प्रारंभिक +2.9 बिलियन का ऋण समझौता किया। लेकिन यह भारतीय सहायता थी जिसने श्रीलंका को समय खरीदने में मदद की। भारत ने जनवरी और जुलाई के बीच लगभग 4 बिलियन डॉलर की त्वरित सहायता प्रदान की, जिसमें क्रेडिट लाइन, एक मुद्रा स्वैप व्यवस्था और आस्थगित आयात भुगतान शामिल थे, और द्वीप के 22 मिलियन लोगों के लिए आवश्यक दवाओं को ले जाने वाला एक युद्धपोत भेजा। नवंबर 2022 में श्रीलंका की प्रमुख मुद्रास्फीति दर दिसंबर में 61ः से घटकर 57. 2ः हो गई।

# पशुओं से भरा ट्रक पकड़ा, तस्कर फरार

बरियारपुर। स्थानीय पुलिस ने घेरेबंदी कर ..भोर में पशुओं से भरा ट्रक पकड़ लिया। ट्रक से 24 गोवंशीय पशु मिले। इसमें से दो पशु मृत पाए गए। तस्कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए ट्रक से कूदकर भागने में सफल हो गए। स्वास्थ्य परीक्षण कराकर पशुओं को पास की एक गोशाला में शिफ्ट कर दिया गया है। मामले में अज्ञात तस्करों पर केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। बरियारपुर थाने के एसआई सुदर्शन सिंह हमराहियों के साथ ....भोर में गश्त पर निकले थे। उसी दौरान मुखबिरों से सूचना मिली कि तस्कर बैकुंठपुर के रास्ते पशुओं को तस्करी के लिए बिहार ले जाने के फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस ने मधवापुर गांव के पास घेरेबंदी कर दी। कुछ देर बाद एक ट्रक आता दिखा। सक्रिय होने पर पुलिस को देख तस्कर पशुओं से लदे ट्रक को छोड़कर फरार हो गए। सिपाहियों ने तस्करों का पीछा किया लेकिन तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे। मौके पर जाने पर ट्रक से 24 पशु मिले। इसमें से दो मृत थे। एसओ गोरखनाथ सरोज ने बताया कि तस्कर पशुओं को बैकुंठपुर के रास्ते बिहार से बंगाल पहुंचाने की फिराक में थे। घेरेबंदी करने पर तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। 24 पशु मिले, जिनमें दो की मौत हो चुकी थी। इस मामले में अज्ञात पर केस दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

# अपर पुलिस महानिदेशक ने फरियादियों की सुनी समस्या

कुशीनगर । जिला मुख्यालय रविन्द्रनगर धूस स्थित एसपी कार्यालय पर गुरुवार को आयोजित जनता दर्शन में पहुंचे अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर अखिल कुमार ने फरियादियों की समस्यायों को सुना तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत–प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता दर्शन में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें। जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके और समस्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शत् प्रतिशत फीडबैक लिया जाय। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर उमेशचन्द्र भट्ट एवं अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# चोरी की एक अदद पंम्पिग सेट के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

कुशीनगर । जिले के तमकुहीराज पुलिस ने चोरी का एक अदद पम्पिंग सेट व अवैध चाकू के साथ 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को तमकुहीराज पुलिस द्वारा गाजीपुर बैरियर के पास से दो व्यक्ति एक चोरी का पम्प सेट चुराकर बिहार की तरफ ले जाने के सूचना पर 2 अभियुक्त इरशाद आलम पुत्र समसुद्दीन निवासी चखनी खास थाना मुकामी, कादिर आलम पुत्र दरोगा निवासी चखनी खास थाना मुकामी को गिरफ्तार कर चोरी के एक अदद पम्पिंग सेट व अभियुक्त इरशाद उपरोक्त के पास से एक अदद अवैध चाकू की बरामदगी की गयी। पुलिस ने बताया कि बरामद पम्पिंग सेट के संबंध में छानबीन की जा रही है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 004$\!/\!$23 धारा 41$\!/\!$411 भादवि व 4$\!/\!$25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

# रामकोला पुलिस ने चोरी के सामान के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

कुशीनगर । जनपद के रामकोला पुलिस द्वारा चोरी की घटना का अनावरण करते हुए चोरी गये सामान के साथ 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को रामकोला पुलिस टीम द्वारा मथुरा नगर कस्बा रामकोला के पास से मु0अ0सं0 431 / 2022 धारा 457 / 380 भा0द0वि0 व मु0अ0सं0 007 / 2023 धारा 457 / 380 / 411 भादवि0 से सम्बन्धित अभियुक्त सनोज उर्फ सोखा पुत्र श्रीराम खरवार सा0 वार्ड नं0 21 विक्रमादित्य नगर, करन पुत्र हरिश्चन्द्र सा0 वार्ड नं0 21 विक्रमादित्य नगर थाना मुकामी, जोगेन्द्र उर्फ जोगी पुत्र रामदीन ग्राम चौनपुर थाना पुरैना जनपद महराजगंज को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गए सामान एक अदद जूता बारंग नीला, तीन हजार रूपये सम्बन्धित मु0अ0सं0 007/23 धारा 457/380/411 भा0द0वि0, दो अदद साड़ी बारंग लाल पीला हरा सखी मार्का, गुटका दो पैकेट यस प्लस मार्का, तीन हजार रूपये नकद सम्बन्धित मु0अ0सं0 431/22 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 (कुल कीमत लगभग 8000/–रूपये) की बरामदगी कर गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

# नहरों में टेल तक पानी नही, कृषि मंत्री ने अधिकारियों की लगायी फटकार

कुशीनगर । कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने देर रात देवरिया और कुशीनगर की नहरों का निरीक्षण किया।अनियमितता मिलने पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को फटकार लगायी और व्यवस्था को तत्काल ठीक करने का निर्देश दिया। कल सायं 6 से 9 बजे रात के बीच कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने सिचाई विभाग के अधिकारियों के साथ कुशीनगर और देवरिया की विभिन्न नहरों का निरीक्षण किया। कृषि मंत्री के निरीक्षण में चाफ शाखा से निकलने वाली बड़ी गण्डक नहर में लवनिया चौराहा के पास 1.5 हाथ पानी,बगही माइनर में 1.5 फिट पानी,मीर माइनर में 9 इंच पानी,वरही रजवाहा माइनर में 4 इंच पानी,जोकवा रजवाहा नहर में 2 फिट पानी,बड़हरा रजवाहा माइनर में 1.5 फिट पानी,बड़हरा रजवाहा माइनर द्वितीय में 1.5 पानी,बघौचघाट नहर में पानी नही,पकहा घाट जाने वाले मार्ग की नहर में 1/2 फिट पानी तथा पकहा माइनर में पानी नही मिला।नहरों में टेल तक पानी नही मिलने पर कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने सिचाई विभाग के अधिकारियों को फटकार लगायी और 48 घण्टे में व्यवस्था ठीक नही होने पर कार्यवाही की चेतावनी दिया।कृषि मंत्री में कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार के प्राथमिकता में किसान है,अगर किसानों के हित मे किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलेगी तो कार्यवाही निश्चित होगी। इस दौरान श्रीनिवास मणि त्रिपाठी समेत सिचाई विभाग के दोनों जनपदों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# डीएम के हाथों में होगी नगर निकायों की कमान

देवरिया। दो नगर पालिका सहित पुरानी नौ नगर पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद जिलाधिकारी के हाथों में कमान होगी। तीन सदस्यीय कमेटी का कार्यकाल छह माह का होगा। पुराने आदेश को अब निरस्त कर दिया गया है। अभी तक सात नगर पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। शुक्रवार को चार नगर निकायों का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। सबसे बाद में बरहज नगर पालिका कार्यकाल समाप्त होगा।

नए शासनादेश के तहत ईओ की जगह पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित करने के निर्देश प्रमुख सचिव अमृत अभिजात की ओर से जारी किए गए हैं। इस आदेश के तहत गठित तीन सदस्यीय कमेटी का कार्यकाल छह माह का होगा। शुक्रवार को सात नगर पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। इसके बाद यहां पर तीन सदस्यीय कमेटी कार्य करना शुरू कर देगी। केवल नीतिगत फैसला कमेटी नहीं ले सकेगी।

सबसे पहले बरियारपुर नगर पंचायत का कार्यकाल हुआ समाप्त

जिले के निकायों के कार्यकाल पर गौर किया जाए तो नगर पालिका बरहज में प्रशासक पहले से ही तैनात हैं। यहां के नगर पालिका अध्यक्ष को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है। कार्यकाल पूरा होने पर यहां भी प्रशासक की जगह तीन सदस्यीय कमेटी कार्य देखेगी। सबसे पहले जिले में 12 दिसंबर को बरियारपुर, 23 दिसंबर को मझौलीराज, एक जनवरी को लार नगर पंचायत का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। नियमों के अनुसार जब चुनाव के बाद शपथग्रहण होने के बाद पहली बैठक होती है, उस दिन से कार्यकाल शुरू माना जाता है। इसके बाद इसी तिथि से पांच साल तक कार्यकाल होता है।

कार्यकारिणी भी होगी भंगः कार्यकाल समाप्त होने के बाद पहले 12 दिसंबर को शासन के निर्देश थे कि कार्यकारिणी को सलाहकार के रूप में मान्यता दी जाएगी। पर नए आदेश में कार्यकारिणी की भूमिका नहीं बताई गई है। इस वजह से कार्यकारिणी भी तत्काल प्रभाव से भंग कर दी जाएगी। निकायों के कार्यकाल की तिथि – नगर पालिका देवरिया 16 जनवरी नगर पालिका बरहज 18 जनवरी नगर पंचायतों का कार्यकाल नगर पंचायत सलेमपुर छह जनवरी नगर पंचायत लार एक जनवरी नगर पंचायत भटनी छह जनवरी नगर पंचातय मझौलीराज 23 दिसंबर नगर पंचायत रुद्रपुर 16 जनवरी नगर पंचायत रामपुर कारखाना 17 जनवरी नगर पंचायत गौरी बाजार छह जनवरी नगर पंचायत भाटपाररानी छह जनवरी नगर पंचायत बरियापुर 12 दिसंबर

# ठकुरापुर टीम ने शंकरपुर टीम को 21 रनों से हराया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर। भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को दो लीग मैच फेमस क्रिकेट क्लब शंकरपुर व इमरान क्रिकेट क्लब ठकुरापुर के बीच खेला गया। जिसमें टास जीतकर शंकरपुर की टीम ने पहले बालिंग का फैसला किया। बैटिंग के लिए उतरी ठाकुरपुर की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 104 रन बनाए और शंकरपुर को जीत के लिए 105 रनों का लक्ष्य दिया। जिसके जबाब में जीत के लक्ष्य का पीछा करते हुए शंकरपुर की टीम के खिलाड़ी 11ओवर में मात्र 83 रन बनाकर ही सिमट गई। जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के मुकाबला में ठकुरापुर के खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 104 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। ठकुरापुर की टीम ने शंकरपुर टीम को 11 ओवर में 83 रन पर ढेर करके 21 रनों से मैच को जीत लिया। उक्त मैच में सर्वाधिक 4 विकेट लेने वाले अनिल जयसवाल को मैन आफ द मैच चुना गया। जिन्हें दीवाल घड़ी देकर सम्मानित किया गया। वहीं दूसरे लीग मैच में सईद इलेवन क्रिकेट क्लब पिपरी व बर्डपुर स्टेनिग क्रिकेट क्लब सहिजनवा के बीच खेला गया। जिसमें टास जीतकर सहिजनवा में पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।पहले बल्लेबाजी करते हुए साहिजनवा के खिलाड़ियों ने निर्धारित 12 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 88 रन बनाए। जबाब में पिपरी की टीम के खिलाड़ियों ने 5 विकेट खोकर 24 गेंद शेष रहते 89 रनों लक्ष्य हासिल कर लिया और मैच की जीत अपने नाम हासिल कर लिया। मैच में सर्वाधिक 52 रन नाबाद बनाने वाले क्रिकेटर मनीष श्रीवास्तव को मैन आफ द मैच चुना गया। इस दौरान पूर्व सैनिक बृजेश सिंह ने कहा की खेल युवाओं के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का एक बहुत ही प्रबल माध्यम है। जो बच्चे आज क्रिकेट के माध्यम से अपने देश व समाज का नाम रोशन करेंगे। वहीं जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ फूलचंद्र जयसवाल ने कहा की खेल के माध्यम से बच्चों के बौद्धिक एवं शारीरिक क्षमता का विकास होता है। स्व0 अटल जी के नाम पर आयोजित इस प्रतियोगिता से निश्चित ही खिलाड़ियों को एक नया आयाम मिलेगा। वहीं युवा भाजपा नेता सत्य प्रकाश राही ने कहा कि किसी भी खेल में हार या जीत दो ही निर्णय आते हैं। जितने वाले को आगे रणनीति तैयार करते हुए कार्य करना होता है तो वहीं हारने वाले आगे और भी कड़ी मेहनत से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। और वह अपनी मेहनत के बल पर सबसे आगे बढ़ सकता है। टूर्नामेंट में आयोजक नितेश पाण्डेय, अध्यक्ष अमित उपाध्याय, कोषाध्यक्ष विनय वर्मा, उपाध्यक्ष अखिलेश जयसवाल, वीरेंद्र जयसवाल, विवेक गोस्वामी, महामंत्री जयराम यादव, मंत्री अबू शामा खान, अंपायर के तौर पर सोनू गोस्वामी, शिवकुमार यादव, बालचंद चौधरी, सबलू सहानी, कैमेंट्रेट के तौर पर संतोष उपाध्याय, मंटू यादव, अफसर, स्कोरर अमरजीत, सहित बलवंत चौधरी, मोनू, देव कुमार सिंह, राकेश कुमार, हरिराम यादव, राजेश वर्मा, कंचन वर्मा, अनिल कुमार, रजत तिवारी, हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।





- **भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन का हुआ आयोजन**
- **टूर्नामेंट के दूसरे दिन खेले गए दो लीग मैच**

# चौपाल लगाकर सुनी गई समस्याएं

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। उसका बाजार के ग्राम पंचायत जगमोहनी में गुरुवार को चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी गई। चौपाल में खण्ड विकास अधिकारी नीरज जायसवाल ने ग्रामीणों की समस्या सुनी और समस्याओं को तत्काल निर्देशित किए। ग्रामीणों में मनरेगा में मजदूरी भुगतान, आधार की समस्या, समूह की महिलाओं ,आवास की समस्या, शौचालय की समस्या, सम्पर्क मार्ग आदि समस्याओं की दूर करने की मांग की है। चौपाल में ज्यादा संख्या में ग्रामीण पहुंचकर समस्याओं को अधिकारी के सामने रखा गया। चौपाल में सहायक विकास अधिकारी संजय पांडेय, अवर अभियंता लघु सिंचाई, पूर्ती निरीक्षक, बीएमएम संतोष गुप्ता, पंकज कुमार आदि लोग रहे मौजूद।



# मनरेगा मजदूरी का भुगतान पत्नी व भाई के खाते मे, ग्रामीणों ने लगाया आरोप

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवां। मजदूर श्रमिकों ने ग्राम प्रधान पर बीते मई माह से मनरेगा मजदुरी भुगतान नही करवाने का लगाया आरोप मुख्य मंत्री को पत्र भेज किया शिकायत नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोधसी निवासी मनरेगा श्रमिको ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश और जनसुनवाई पोर्टल पर अपनी एक शिकायत दर्ज कराया है। जिसमे ग्रामीण राजकुमार प्रभावती शारदा कौशल्या उर्मिला माया शान्ति रम्भावती कुसुम कलीम हनीफ सलीम मिश्री रामदवन संगीता आसमां जानकी सुनीता चिनकी सहित आदि लोगो ने लिखा है कि मेरे ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान रामकिशून बीते मई माह से आज तक हम उपरोक्त मनरेगा मजदूरो के मजदूरी का भुगतान हमारे खाते मे नही कराया गया। बीत मई माह से लेकर आज तक हम सभी श्रमिक ग्राम प्रधान से मजदूरी भुगतान हेतु उनसे निवेदन करते रहे। परन्तु हर बार वह शासन से धन नही आने का हवाला देकर टालमटोल करते रहे। हद तो तब हो गई जब हम उपरोक्त लोगो ने ब्लाक मुख्यालय पहुचकर भुगतान हेतु जानकारी किया तो पता चला कि जो लोग मनरेगा मे कार्य नही किये थे। ग्राम प्रधान उनके व अपनी पत्नी एव भाई के खाते मे भुगतान करवा लिए है। जब हम लोग पुनः भुगतान हेतु ग्राम प्रधान से मिले तो वह आगबबूला होकर हम सभी लोगो को भगा दे रहे है। जबकि हमारे ग्राम पंचायत मे जितने भी मनरेगा कार्य हुए है। शासन स्तर से सभी का भुगतान हो चुका है। लोगो ने मांग किया है कि ग्राम प्रधान की कार्यशैली की जांचकर हम सभी श्रमिक मजदुरों की मजदूरी ग्राम प्रधान से दिलवाया जाये।

# गरीबों में कंबल वितरित किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला,गोरखपुर। क्षेत्र के बेदौली ग्राम निवासी व प्रयागराज मंडल के औषधि–उपायुक्त उदयभान सिंह की लम्बी बीमारी के पश्चात इलाज के दौरान मेदांता अस्पताल लखनऊ में विगत 24 दिसम्बर को मृत्यु हो गई थी। शुक्रवार को उनके मृत्यु–भोज कार्यक्रम पैतृक गांव बेदौली से किया गया। उनकी याद में उनके छोटे भाई उदय प्रताप सिंह व उनके लड़के सूर्य प्रकाश, सौरभ, गौरव व हिमांशु सिंह ने इस भीषण सर्दी को देखते हुए करीब दो सौ गरीबों मजलूमों को कंबल वितरित किया। इस अवसर पर उनके छोटे भाई ग्राम प्रधान–प्रतिनिधि व जानकी आईटीआई बेदौली के निदेशक उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मेरे भैया गरीबों मजलूमों की सहायता के लिए सदैव ही तत्पर रहते थे।



# अंर्तराष्ट्रीय अधिवेशन में आमंत्रित नेपाल व महाराष्ट्र के अतिथियों का हुआ जोरदार स्वागत





गोरखपुर। तीसरी आंख ह्यूमन राइट्स आर्गेनाइजेशन के 07 जनवरी को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में गोरखपुर शिरकत करने आये नेपाल व महाराष्ट्र के अतिथियों का संस्थापक महासचिव शैलेन्द्र कुमार मिश्र एवं प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पाण्डेय राजू के संयुक्त नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। गोरखपुर पहुंचे नेपाल नवलपरासी पाल्ही नन्दन गाऊं पालिका की उप मेयर सकीना फातिमा व मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेश कुमार चौधरी के साथ में आये नुरुद्दीन अंसारी, सब्बीर अंसारी, गुंजा कान्दु बानिया,रियाजुद्दीन अंसारी, रणजीत कुमार गुप्ता, मोहन चौधरी अपने स्वागत से अभिभूत दिखे साथ ही महाराष्ट्र प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अप्पा साहब लंगोटे, सुभाष दत्तात्रेय कोलार्क अध्यक्ष महाराष्ट्र पश्चिम,महेश गनपाटिल प्रदेश सचिव महाराष्ट्र को भी पैडलेगंज चौराहे पर गुलाब का फूल देकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस मौके पर ने सकीना फातिमा ने कहा कि गोरखपुर में आयोजित अधिवेशन में सामाजिक और मानवाधिकार के संदर्भ में गुफ्तगू किया जायेगा। जो गोरखपुर की सरजमीं के लिए नजीर बनेगा। उन्होंने कहा कि शैलेन्द्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में मानवाधिकार के हिफाजत की लड़ाई बड़े ही मजबूती के साथ लड़ी जा रही है। इस लड़ाई को आगे तक लड़ने के लिए तीसरी आंख ह्यूमन राइट्स आर्गेनाइजेशन तैयार है। स्वागत करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पांडेय राजू, प्रदेश संगठन मंत्री इंजीनियर आरके श्रीवास्तव, कुशीनगर के जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता एवं वीरेंद्र राय मंडल संयोजक, महराजगंज जिला अध्यक्ष जाकीर अली, जिला सचिव अतहर अली व तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चंद्राश फाउंडेशन ने गरीबो में किया कम्बल वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार,गोरखपुर। कड़ाके व गलन के साथ बढ़ते हूए ठंड को देखते हूए नगर पंचायत गोला बाजार में कार्यरत चन्द्राश फाउंडेशन की टीम विगत दो दिनों से असहाय व निर्धन लोगो के बीच पहुंच कर कम्बल वितरण कर रहा है। चन्द्राश फाउंडेशन अपने प्रथम दिन ग्राम अतरौला में 28 कम्बल व दूसरे दिन ग्राम गोड़सरी में 55 कम्बल वितरण किया है। आगे भी कम्बल वितरण का कार्य चलता रहेगा। चन्द्राश फाउंडेशन के टीम का कहना है कि हमारे क्षेत्र में बहुत से परिवार असहाय है जो की मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते है। इस कँापकापाती ठण्ड में हम लोग गर्म कपड़े पहन कर भी कँापते है। ठंड से गरीब असहाय लोगो को कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने समाज के दान बीरो से कहा की आप सभी फाउंडेशन के साथ सहयोग करते हूए अपना भी योगदान दे। आपके पास गर्म कपडे जूते या ऐसी कोई वस्तु हो जिनसे किसी की मदद हो सके वो फाउंडेशन में संपर्क कर के अवश्य प्रदान करें। इस अवसर पर समीम आकाश, आकाश अग्रवाल, राज सोनकर, रामबाबू जायसवाल, किशन वर्मा, नीरज मौर्या, मुकेश जायसवाल, संदीप मोदनवाल, रतन चौरसिया, डा. कृष्ण कुमार गोंड, सुधीर सिंह, अमन सिंह सहित सभी साथीगण मौजूद रहें।



# पिछले वर्ग का उत्थान भाजपा का मकसद: बिधायक डा, अनिल मौर्य

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सत्ता नही समाजिक परिवर्तन और विकास की दौड़ में पिछड़े लोगो का उत्थान भाजपा का मकसद नगरीय निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया बोले, पिछडो के साथ हर वर्गों के हितों की रक्षा करती है भाजपा भारतीय जनता पार्टी के घोरावल विधायक डॉ0 अनिल कुमार मौर्य ने कहा कि भाजपा राजनीतिक सत्ता को व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और विकास की दौड़ में पिछडे लोगों के उत्थान और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने हेतु साधन के रूप में देखती है। उन्होंने माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में किये गए निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि न्यायालय के आदेश से समाजवादी पार्टी का षड़यंत्र विफल हो गया है। उक्त बातें भाजपा जिला कार्यालय पर चर्चा के दौरान कही। आगे कहा कि भाजपा और भाजपा सरकार पिछडेद्द वर्ग के साथ ही समाज के सभी वर्गो के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अपने शासनकाल में सपा–बसपा कांग्रेस ने पिछडेद्द, दलितों, शोषित, पीड़ित, वंचितों का वोट तो लिया लेकिन इनके लिए कुछ नहीं किया। सपा–बसपा कांग्रेस ने भ्रम फैलाकर इनको छलने का काम किया। कहा कि समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पिछड़ा वर्ग के सहयोग से सत्ता प्राप्त की लेकिन सत्ता का लाभ सिर्फ सैफई



कुनवे तथा उनके कुछ चहेते लोगो तक सीमित रहा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने अप्रत्यक्ष रूप से हाईकोर्ट में रिट दायर करवाकर नगरीय निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को समाप्त करने का षडयंत्र रचा है। लेकिन सपा अपने षड़यंत्र में सफल नहीं हो सकेगी। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी द्वारा सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट का विरोध सपा के पिछड़ा वर्ग विरोधी होने का सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होने निकाय चुनावों को लेकर सपा की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि अखिलेश यादव व बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार और तेजस्वी यादव जी से रिश्ते किसी से छुपे नहीं है। बिहार सरकार ने पिछडेद्द वर्ग के हितो की अनदेखी करते हुए निकाय चुनाव बिना आरक्षण के करा दिये। तब खुद को राष्ट्रीय पार्टी का मुखिया कहने वाले सपा प्रमुख श्री अखिलेश यादव चुप क्यों थे। भाजपा की नीति सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास की नीति है। जबकि अखिलेश यादव की नीति अपने परिवार और अपने रिश्तेदारों के विकास तक सीमित है। उन्होंने कहा कि सपा–बसपा तथा कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल झूठ, भ्रम व फरेब की अपनी परम्परागत राजनीति से सत्ता प्राप्त करने के मंसूबे पाले हुए हैं। लेकिन जनता इनकी हकीकत जान चुकी है। उत्तर प्रदेश न भूला है, ना भूलेगा। अखिलेश यादव सरकार में पिछड़ों व अनुसूचित वर्ग का दमन तथा परिवारवाद, जातिवाद व तुष्टीकरण की घिनौनी राजनीति का सच। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्गों के हितों की रक्षा के संकल्प को पूरा किया है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए भी आरक्षण को सुनिश्चित किया। इसका ही परिणाम है कि समाज में यह भाव जागृत हुआ है कि अत्यंत गरीब पृष्ठभूमि से आने वाला व्यक्ति भी सामाजिक–आर्थिक परिस्थितियों से उत्पन्न चुनौतियों से पार पाकर भारत का प्रधानमंत्री बन सकता है, और देश को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकता है। इस दौरान पिछडा मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेन्द्र पटेल, योगेन्द्र बिन्द, मोहित पटेल, सुखनन्दन चौरसिया, संजय जायसवाल, अंजनी जायसवाल, मंजू गिरी भाजपा जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीबीए की चुनाव प्रक्रिया शुरू नामांकन 7 जनवरी से

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के एल्डर्स कमेटी के निर्णय के बाद संशोधित चुनाव प्रक्रिया निम्नवत है इसी के साथ डी बी ए सोनभद्र की चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है नामांकन प्रपत्र वितरण 7 जनवरी से 10 जनवरी तक नामांकन प्रपत्र जमा 9 जनवरी से 10 जनवरी तक नामांकन सूची का प्रकाशन नामांकन पत्रों पर आपत्ति नामांकन पत्रों की जांच एवं निस्तारण 11 जनवरी एवम् नामांकन पत्रों के बाद वापसी के बाद अंतिम सूची का प्रकाशन 12 जनवरी को किया जाएगा इसके बाद 13 जनवरी को मतदाता सूची का वितरण होगा तथा जरूरत पड़ने पर 19 जनवरी को मतदान कराया जायेगा और उसी दिन मतगणना कराकर परिणाम घोषित किया जाएगा तत्पश्चात एल्डर कमेटी के सामने नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण होगा। यह जानकारी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने दी।

# युको बैंक ने मनाया 80 वां स्थापना

दैनिक बुद्ध का संदेश

चोपन,सोनभद्र। स्थानीय नगर में संचालित युको बैंक चोपन



ने 80वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक वारिज प्रशांत तिवारी ने अपने संबोधन मे आए हुए सभी अतिथियों और ग्राहकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि युको बैंक पिछले 80 वर्षों से राष्ट्र की सेवा में समर्पित रहा है। और हमारा प्रयास रहता है कि ग्राहकों को अच्छी सी अच्छी सुविधा प्रदान की जाए। किसी भी ग्राहक को असुविधा का सामना ना करना पड़े। इस अवसर पर सर्वप्रथम सत्य प्रकाश तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। तदुपरांत केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात आए हुए सभी अतिथियों को अल्पाहार कराया गया। कार्यक्रम में बैंक उप शाखा प्रबंधक आनंद दुबे, सहायक प्रबंधक आशीष रंजन, नुमान सिद्धकी, ओम प्रकाश, गरुड़ शुक्ला सहित व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन, समाजसेवी आनंद अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल गुरुद्वारा स्कूल प्रबंधक सतनाम सिंह, मुन्ना यादव, हीरालाल वर्मा सहित पत्रकारगण मौजूद रहे।

# वन माफियाओं की नजर अब सरकारी पेड़ों पर

दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन,सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड लोटन क्षेत्र में वनमाफियाओ के कारनामे तेज चल रहे हैं।अब निजी पेडों को खरीदने के बजाय ग्राम समाज व सरकारी पेडो को काटना आसान लग रहा है। इसमे कुछ सरकारी व गैर सरकारी लोगों को मिला लेने से वन माफियों का काम बन जा रहा है। बानगी के तौर पर लोटन गांव के पूरब ए.एन.एम.भवन के पास छः शीसम के हरे भरे पेडों मे से पाँच को आनन फानन मे काट कर उसमें से कुछ बोटो का उठान देर सबेर कर लिया गया। इसके सम्बन्ध में हल्का लेखपाल व मुकामी पुलिस को सूचना दी गई थी। मौके पर हल्का दारोगा व सिपाही पहुँच कर बचे हुए पेडों व बोटो को रोक दिया।हल्का लेखपाल ने बताया कि पैमाइश करने बाद आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। गौरतलब है कि इसकी परमिट किसके नाम से बनी है कोई बता नहीं रहा था। परमिट बनी है कि नहीं यह पता चल नहीं सका। जाँच के बाद ही पता चल पायेगा कि इसमे सच्चाई क्या है। क्या इसी तरह वन माफिया सरकारी पेड़ों को काटते रहेगें।



# पीसीसी सदस्य आशुतोष दुबे की भारत जोड़ो यात्रा में हुई राहुल गांधी से मुलाकात, हुई बिभिन्न चर्चा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की 3570 किलोमीटर की यात्रा में 109वे दिन 3 जनवरी 2023 को यात्रा गाजियाबाद लोनी से प्रवेश की, उत्तर प्रदेश में इसको बागपत शामली होते हुए कैराना से निकलकर हरियाणा में प्रवेश करना था, 3 दिन की यात्रा उत्तर प्रदेश में होनी थी इसमें यात्रा के 111 दिन बागपत के आगे कैराना के पहले अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व–राष्ट्रीय अध्यक्षध सांसद राहुल गांधी से उत्तर प्रदेश कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) की मुलाकात हुई। जनपद की वर्तमान स्थिति के बारे में और पंडित जवाहरलाल नेहरु की जो सोच सोनभद्र के लिए थी वे मिनी स्वतीजरलैंड के रूप में जनपद को देखना चाहते थे, सोनभद्र का विकास उन्ही के द्वारा हुआ हैं ये सारी बाते उनसे कहते हुए ये भी कहा कि आज देश का युवा बेरोजगार है, नौजवान दर–दर की ठोकरें खाने को विवश हैं, रोजगार नहीं है, तमाम कंपनियां बंद हो गई है, महंगाई अपने चरम सीमा पर है,नौजवान देश का भविष्य होता हैं उसका अगर भविष्य नही रहेगा



तो हमारा देश कहां जाएगा, किसानों की उम्मीद आप ही हैं, देश का व्यापारी आप को ही देख रहा है, कोई और व्यक्ति बोलने को तैयार नहीं, किसानों की जहां एक तरफ परेसान है वही दूसरी ओर व्यापारी हतोत्साहित है। उसका व्यापार भी दिनों दिन गिरता जा रहा है कितने व्यापारियों ने अपना व्यापार बंद कर दिया है। इसलिए आपको इस पूरे देश का नेतृत्व करने की जरूरत है ताकि वर्तमान समय में जिस तरह का निजीकरण होता चला जा रहा है लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है और चीजें बहुत ही कठिनध्महंगी हो गई है, उससे बिना आपके लोगो को निजात नही मिल पाएगी। साथ ही राहुल गांधी से पिताजी के स्वर्गवास के बारे में बात भी हुई ,उन्होंने उनके बीमारीध्तबीयत के बारे में पूछा और इस पर अपनी गहरी संवेदना भी व्यक्त और मुझे आश्वासन भी दिया। आशू दुबे ने कहा कि उनसे मिलने के बाद एक अजीब सी उर्जा शरीर में पैदा हुई और इन 3 दिनों की यात्रा में उनके साथ चलने में जरा सा भी ना पैरों में दर्द हुआ न कोई तकलीफध दिक्कत हुई,एक अजीब सी ताकतध्ऊर्जा उनके साथ चल रही है और उनके साथ–2 चलना उनसे मिलना एक बहुत बड़ी सौभाग्य की बात है, इस पल को ताउम्र मैं अपने जीवन में नहीं भुला सकता, वह वास्तव में देश के हृदय सम्राट हैं।

# एसपी द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन चुर्क में परेड की ली गई सलामी, किया गया निरीक्षण

## शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवाई गयी दौड़

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस



लाईन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। आगामी गणतन्त्र दिवस के दृष्टिगत सम्मिलित पुलिसकर्मियों की परेड ग्राउंड पर परेड की एकरूपता व अच्छे प्रदर्शन हेतु टोलीवार ड्रिल की कार्रवाई का निरीक्षण कर परेड को ज्यादा आकर्षकध सुसज्जित एवं बेहतर तरीके से कराने के लिए क्षेत्राधिकारी लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। तत्पश्चात पुलिस लाईन चुर्क के पुलिस बैरकों व आवासों का निरीक्षण कर सम्बंधित को मरम्मत और साफ–सफाई आदि के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन अमित कुमार एवं प्रतिसार निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा संघ की जिला कार्यकारणी का चुनाव कई चिकित्सक चुने गए निर्विरोध



बाराबंकी। होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा संघ की जिला कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रीति सक्सेना तथा चुनाव अधिकारी डॉ नीरजा वैश्य की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष के पद पर डॉ सुमन गंगवार (पूर्व अध्यक्ष) विजयी घोषित हुईं तथा उपाध्यक्ष डॉ डीके चौहान (निर्विरोध) एवं सचिव डॉ प्रमिला वर्मा (निर्विरोध) चुने गए। अंत में चुने गए पदाधिकारियों ने उपस्थित समस्त चिकित्सा अधिकारियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# संजय सिंह पटेल बने सोनभद्र आम आदमी पार्टी शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह (सांसद राज्यसभा) की स्वीकृति से संजय सिंह पटेल को सोनभद्र का आम आदमी पार्टी शिक्षा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। संजय सिंह पटेल सोनभद्र के राबर्ट्सगंज ब्लॉक के कुर्था गांव के मूल निवासी हैं और उनकी रूचि समाज सेवा और राजनीति में हमेशा रही है जिसके कारण उन्हें आम आदमी पार्टी के शिक्षा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाया गया और उन्हें जिले के अंदर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन के अनुरूप पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव द्वारा उन्हें यह पदभार सौंपा गया।




# बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।


# जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |


राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश


# आम के फलदार पेड़ों पर वन माफियाओं का चला आरा वन माफियाओं के हौसले बुलंद

दैनिक बुद्ध का संदेश

■ बिना परमिशन के फलदार पेड़ों को काट कर धरा शाही कर बड़े पैमाने पर काट डाले प्रतिबंधित आम के पेड़

बाराबंकी। सतरिख थाना क्षेत्र के अंतर्गत परमिट की आड़ में धड़ल्ले से हरे–भरे आम के पेड़ों की कटान जारी विभाग इनके



खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई ना करने से इनके हौसले बुलंद बंकी ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत सराय अकबराबाद ग्राम पंचायत स्थित सतरिख बाराबंकी रोड के किनारे हरे भरे आम की बाग में 15 पेड़ों की अनुमति बताकर 40 पेड़ों की कटान की गई जिसे वन माफिया रातो रात काटकर उठा ले गए। बंकी वा हरख रेंज की सीमा पर होने के कारण पिकअप से लादकर मिस्टर नाम के ठेकेदार लेकर जा रहा था जिसे लकड़ी सहित पिकअप को पकड़कर हरख रेंज लाया गया इस संबंध में हरख वन क्षेत्राधिकारी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि अवैध आम के लकड़ी लदी पिकअप को पकड़ा गया जिसके ऊपर 25 हजार जुर्माना किया गया।

# लखपेड़ा बाग में चलाया गया बकाया विद्युत चेकिंग अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। पल्हरी विद्युत उपकेंद्र अवर अभियंता राकेश कुमार यादव व एसडीओ अमितेश्वर गोस्वामी के नेतृत्व में चलाया गया बकाया विद्युत चेकिंग अभियान इस दौरान बकाया उपभोक्ताओं के घर घर जाकर लगभग 150 उपभोक्ताओं के कनेक्शन चेक किए गए वही ज्यादा बकाया विद्युत उपभोक्ताओं के लगभग 16 डिस्कनेक्शन भी किए गए वही 1 बकाया उपभोक्ता द्वारा 50000 की जमा वसूली की गई इस मौके पर लाइनमैन रईस अहमद, मनीराम,शेषराम, अशोक कुमार, अर्जुन,पुनीत कुमार उर्फ बंटी आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा शासन की जन विरोधी नीतियों का अंत निश्चित– छोटेलाल गंगवार

दैनिक बुद्ध का संदेश

क्योलडिया। कांग्रेस के संभावित लोकसभा प्रत्याशी मास्टर छोटे लाल गंगवार ने भाजपा के शासन में हो रही ऐतिहासिक महंगाई बेरोजगारों व किसानों का शोषण साथ ही मजदूरों पर बेरोजगारी का कहर महिलाओं पर भारी अत्याचार हो रहा है साथ ही छात्रों व युवाओं के भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ कर रही है क्योंकि भाजपा का शासन जनविरोधी है ना इसमें छात्र खुश है ना युवा ना किसान न मजदूर सभी का शोषण हो रहा है पूर्व विधायक मास्टर छोटे लाल गंगवार गत 3 जनवरी को कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में उन्होंने राहुल गांधी का स्वागत किया था श्री गंगवार ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से वापस आकर अपने कार्यालय पर यह उदगार व्यक्त किए और उन्होंने भाजपा के शासन को कोसा इस दौरान धर्मपाल गंगवार प्रेम शंकर गंगवार मोहनलाल मोहम्मद हनीफ अंसारी यासीन जावेद मनोज गंगवार सारिक अब्बासी विश्वदेव गंगवार हीरालाल आदि कांग्रेसी उनके साथ थे।

# डार्क चॉकलेट को डाइट में करें शामिल, स्वास्थ्य के लिए है बेहद फायदेमंद



डार्क चॉकलेट स्वादिष्ट होने के साथ स्वास्थ्यवर्धक भी होती है। यह एंटी–ऑक्सीडेंट का बड़ा स्रोत भी है। कई शोध में सामने आया है कि डार्क चॉकलेट का सेवन वजन घटाने में भी मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त, यह त्वचा से लेकर हृदय के लिए भी बहुत लाभदायक है। ऐसे में इसे डाइट में शामिल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। आइए जानते हैं कि डॉर्क चॉकलेट के सेवन से क्या–क्या फायदे मिल सकते हैं।

वजन घटाने में है मददगार

शोध बताते हैं कि डार्क चॉकलेट का सेवन वजन घटाने में काफी मदद कर सकता है। यह वसा और कार्ब्स के जमाव को कम करती है। इससे पेट लंबे समय तक भरा रहता है और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक चीजों की क्रेविंग भी खत्म होने लगती हैं। इस तरह से डार्क चॉकलेट वजन कम करने में भी मदद कर सकती है। बता दें कि 100 ग्राम डार्क चॉकलेट में लगभग 600 कैलोरी होती है, जो शरीर के लिए पर्याप्त है।

हृदय रोगों से दूर रखने में सहायक

रोजाना 70 प्रतिशत कोको से बनी डार्क चॉकलेट का सीमित मात्रा में सेवन करने से खून में खराब कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होती है और अच्छे कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढने में मदद मिलती है। इसी तरह यह ब्लड प्रेशर को भी नियंत्रित रखने में भी सहायक हो सकती है। बता दें कि खराब कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर का अधिक स्तर कई हृदय रोग का कारण बन सकते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने में भी मददगार

एक अध्ययन के मुताबिक, 70 प्रतिशत कोको युक्त डार्क चॉकलेट का सेवन लोगों के व्यवहार और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने में काफी मदद कर सकता है। इसके अलावा डार्क चॉकलेट में मौजूद फ्लेवोनोल्स मूड को बेहतर और बुजुर्गों में संज्ञानात्मक स्वास्थ्य में सुधार करने में भी मदद कर सकते हैं। इसी तरह इसमें मौजूद एपिकैटेचिन नामक यौगिक स्ट्रोक का खतरा कम करने में बेहद प्रभावी होते हैं।

कैंसर का खतरा कम करने में प्रभावी

डार्क चॉकलेट में एंटी–ऑक्सीडेंट्स की अच्छी–खासी मात्रा होती है, जो शरीर के मुक्त कणों से लडने में मदद कर सकते हैं। ये मुक्त कण शरीर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं और कैंसर का कारण बन सकते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद फ्लेवोनॉयड्स कैंसर पैदा करने वाली कोशिकाओं के विकास को रोकने में भी मदद कर सकते हैं। ऐसे में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचने के लिए डार्क चॉकलेट का सेवन अच्छा रहता है।

मधुमेह को नियंत्रित करने में है कारगर

डार्क चॉकलेट में पॉलीफेनोल्स और डाइटरी फाइबर होता है, जो मधुमेह के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है। यह ब्लड शुगर को कम करने और इसे सामान्य स्तर पर स्थिर रखने में मदद कर सकता है। कई अध्ययनों से पता चला कि इसमें कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है, जो भूख को कम करता है और ब्लड शुगर को एक सुरक्षित सीमा में बनाए रखता है।

## ब्लू शिमरी आउटफिट में निक्की तंबोली ने बलखाई अपनी पतली कमरिया

एक्ट्रेस निक्की तंबोली सोशल मीडिया का एक जाना माना चेहरा हैं। उनकी बोल्डनेस से भरी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर होते ही तेजी से वायरल होने लगती हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। वहीं, एक्ट्रेस निक्की तंबोली की लेटेस्ट



ब्लू आउटफिट में पतली कमर देखकर फैंस मदहोश हो रहे हैं। निक्की तंबोली थाई हाई स्लिट में अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। वहीं, फैंस उनकी तस्वीरों को देखकर बेताब हो रहे हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने ब्लू शिमरी रिवीलिंग ड्रेस में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया है। गोल्डन हेयर स्टाइल के साथ लाइट मेकअप में एक्ट्रेस गजब की बला लग रही हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली के इंस्टाग्राम अकाउंट पर नजर डाले तो एक्ट्रेस इंडो से लेकर वेस्टर्न तक हर लुक को अपनाने में कोई परहेज नहीं करती हैं। निक्की तंबोली का परफेक्ट फिगर और दिलकश अदाएं फैंस को उनका दीवाना बना ही देते हैं। फैंस भी एक्ट्रेस निक्की तंबोली (ह्दबद्मद्मद्ब ञ्जड्डद्वड्ढशद्यद्ब) की इन तस्वीरों को बेहद ही पसंद कर रहे हैं। एक्ट्रेस अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं . निक्की तंबोली की इन तस्वीरों पर फैंस लाइक और कॉमेंट्स की बारिश कर रहे हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों से एक बार फिर नजरे हटाना मुश्किल हो गया है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर एक यूजर ने कॉमेंट कर के लिखा– ब्यूटीफुल तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा– हॉट एंड स्टनिंग। निक्की तंबोली के इंस्टाग्राम पर 3.6 मिलियन फॉलोवर्स हैं।






## जूनियर एनटीआर की अगली फिल्म 2024 में, शूटिंग फरवरी 2023 से



एनटीआर30रू अगले साल रिलीज होगी जूनियर एनटीआर की फिल्म, सामंथा की होगी मुख्य भूमिका! फिल्म आरआरआर की सफलता के बाद अब जूनियर एनटीआर अपनी आगामी फिल्म एनटीआर30 की तैयारियों में जुट गए हैं। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है। कोराताला शिवा के निर्देशन में तैयार हो रही यह फिल्म 5 अप्रैल, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बता दें, अभी तक एनटीआर की 30वीं फिल्म के नाम का खुलासा नहीं हुआ है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक फिल्म की शूटिंग फरवरी से शुरू हो जाएगी। बता दें, एनटीआर30 को वर्ष की बहुप्रतीक्षित परियोजना के रूप में देखा जा रहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म में सामंथा रुथ प्रभु मुख्य भूमिका निभा सकती हैं, हालांकि अभी तक इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस फिल्म के लिए संगीत अनिरुद्ध रविचंदर तैयार कर रहे हैं। जहां तक फिल्म की कहानी की बात है तो अभी तक मेकर्स ने इस बारे में कोई खुलासा नहीं किया है। चर्चा थी कि एनटीआर की फिल्म एनटीआर30 में आलिया भट्ट मुख्य भूमिका निभाएंगी। उनका नाम फिल्म के लिए तय भी माना जा रहा था, लेकिन हाल ही में खबर आई थी कि उन्होंने इस फिल्म का ऑफर ठुकरा दिया है। माना जा रहा है कि फिल्म आरआरआर में साइडलाइन होने की वजह से आलिया ने फिल्म से किनारा कर लिया और साउथ फिल्मों की बजाए बॉलीवुड पर ही फोकस रखना सही समझा। हाल ही में आलिया को रणबीर कपूर के साथ फिल्म ब्रह्मास्त्र में और शेफाली शाह के साथ फिल्म डार्लिंग्स में देखा गया था। वह अब रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में काम कर रही हैं। करण जौहर की बड़े बजट की फिल्म तख्त और फरहान अख्तर की फिल्म जी ले जरा भी आलिया के खाते से जुड़ी गई है। इसके अलावा वह अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन मे एक्ट्रेस गैल गैडोट के साथ अपनी प्रतिभा दिखाएंगी। जूनियर एनटीआर ने हाल ही में अपने अगले प्रोजेक्ट एनटीआर31 की घोषणा की थी। इस फिल्म का निर्देशन केजीएफ के निर्देशक प्रशांत नील करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि प्रशांत, प्रभास की फिल्म सालार का काम पूरा करने के बाद अप्रैल में एनटीआर31 पर काम शुरू करेंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान भी नजर आ सकते हैं। जूनियर एनटीआर ने 1996 में फिल्म रामायणम से बतौर बाल कलाकार अपने करियर की शुरुआत की थी, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेठ बाल कलाकार का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। वह दो बार फिल्मफेयर पुरस्कार जीत चुके हैं। जूनियर एनटीआर साउथ के सबसे अमीर कलाकारों में शुमार हैं।

## दीपिका पादुकोण को जन्मदिन पर शाहरुख खान ने अनोखे अंदाज में किया विश

दीपिका पादुकोण के 37वें जन्मदिन पर उनके पठान के सह–कलाकार शाहरुख खान ने अभिनेत्री की सराहना करते हुए



एक नोट लिखा और उनको विश किया। शाहरुख ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म से दीपिका के किरदार की एक तस्वीर साझा की और लिखा, मेरी प्यारी दीपिका पादुकोण के लिए – आप हर अवतार में स्क्रीन पर इतना शानदार दिखने के लिए खुद को विकसित किया है!

हमेशा गर्व है आप पर और हमेशा आपके बड़े पैमाने पर कामना करता हूं, न्यू हाइट्स हैप्पी बर्थडे ढेर सारा प्यार हैशटैग पठान 25 जनवरी को हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह चौथी बार होगा जब शाहरुख और दीपिका एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे।

दोनों इससे पहले ओम शांति ओम, चेन्नई एक्सप्रेस और हैप्पी न्यू ईयर जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। अभिनेता के लिए चार साल से अधिक के अंतराल के बाद यह फिल्म शाहरुख की तीन फिल्मों में से पहली है। भारत के प्रमुख स्टूडियो समूह यशराज फिल्म्स द्वारा निर्मित पठान 25 जनवरी को सिनेमाघरों में उतरेगी।

## समय से पहले सफेद बाल होने से परेशान हैं तो अपनाएं ये 5 टिप्स

बढ़ती उम्र के साथ बाल सफेद होना आम बात है, लेकिन आजकल कम उम्र में ही लोगों को सफेद बालों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। समय से पहले सफेद बाल होने के पीछे कई कारण हैं, लेकिन मुख्य रूप से खराब जीवनशैली की वजह से ऐसा होता है। आइए आज हम आपको पांच ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिनकी मदद से समय से पहले बालों को सफेद होने से रोका जा सकता है।

मेंहदी और कॉफी

सबसे पहले थोड़ा पानी उबालें और फिर इसमें एक बड़ी चम्मच कॉफी डाल दें। इसे ठंडा होने दें और फिर इसमें थोड़ा–थोड़ा मेहंदी पाउडर डालते हुए चलाते रहें। इस मिश्रण को कुछ घंटे या रातभर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद इसमें एक बड़ी चम्मच मनपसंदीदा हेयर ऑयल मिलाएं। अब मिश्रण को बालों में और पूरे सिर पर अच्छे से लगाएं। फिर इसे एक घंटे के लिए छोड़ दें और अंत में पानी से धो लें।



करी पत्ता और तेल

सबसे पहले एक पैन में दो बड़ी चम्मच नारियल का तेल गरम करें। अब इसमें 10 से 12 करी पत्ते डालकर 20 मिनट के लिए रख दें। ठंडा होने पर इस मिश्रण से बालों में मसाज करें और 45 मिनट से दो घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद बालों को शैम्पू करके धो लें। करी पत्ता विटामिन बी से भरपूर होता है, जो बालों में मेलामाइन (ब्लैक पिग्मेंटेशन) को बहाल करने में मदद करती है।

ब्लैक टी

इसके लिए दो बड़ी चम्मच ब्लैक टी लें और इसे पानी में उबाल लें। अब इसमें एक चम्मच नमक भी डाल दें। ठंडा होने के बाद इसे बालों में लगाएं। अच्छे रिजल्ट के लिए इस मिश्रण को हफ्ते में एक बार जरूर लगाएं। ब्लैक टी से बालों को धोने से सफेद बालों को बढने से रोका जा सकता है। यह ग्रे या सफेद बालों को काला रंग देती है, जिससे बाल काले दिखने लगते हैं।

प्याज का रस

प्याज का रस सबसे पुराने उपायों में से एक है। यह कैटालेज नामक एंजाइम को बढ़ाता है, जो बालों को काला करता है और समय से पहले बालों को सफेद होने से रोकने में मदद करता है। इसके लिए केवल दो से तीन बड़ी चम्मच प्याज के रस में एक बड़ी चम्मच जैतून का तेल और एक बड़ी चम्मच नींबू का रस मिला लें। अब इससे स्कैल्प की मसाज करें और एक घंटे बाद सिर को धो लें। भृंगराज हेयर मास्क: बालों के राजा कहा जाने वाला भृंगराज आयुर्वेद में लोकप्रिय है और बालों को समय से पहले सफेद होने से रोकने में मदद करता है। सबसे पहले एक पैन में दो बड़ी चम्मच नारियल का तेल और एक बड़ी चम्मच भृंगराज पाउडर डालें। इन्हें गरम करके बालों में लगाएं, फिर उन्हें घंटे के लिए छोड़ दें और फिर धो लें। यह जड़ी–बूटी सिर की रूखी त्वचा को ठीक करती है और बालों को उनका प्राकृतिक रंग खोने से बचाती है।